53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 24.9°c
अधिकतम 28.0 °c

**अमृतवाणी**
खुशी महज मन की एक आंतरिक भावना है, जिसे बुरे समय में भी पैदा किया जा सकता है।

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:56, सूर्यास्त - 6:42 | वर्ष : 53/अंक : 240 | रविवार, 31 अगस्त 2025 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, अष्टमी | सम्वत् 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

अखिलेश यादव को जन समस्याओं से कोई सरोकार नहीं, वह अनर्गल प्रलाप करते रहते हैं : ब्रजेश पाठक



कुर्सी की खातिर अगर किये जाएंगे पाप.. नेता खाली बैठकर करेंगे रोज प्रलाप..







# पंचतत्व में विलीन हुई छह जान, रो पड़ा श्मशान



मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। शनिवार को दिन निकलते ही सुबह 6 बजे उत्तरी रामपुरी में उस समय माहौल गमगीन हो गया, जब 6 लाशें एक साथ घर पहुंची। जैसे ही अंतिम संस्कार की तैयारी की गयी और घर से 6 अर्थियां एक साथ उठी तो कोई भी आंख बिना नम हुए नहीं रह पाई। परिजनों का जहां एक ओर रो-रोकर बुरा हाल था वहीं जैसे ही ये अर्थियां श्मशान पहुंची तो ऐसा लगा कि मानों श्मशान ही रो पड़ा हो। दो मासूमों सहित छह अंतिम संस्कार एक साथ देखकर छोटा हो या बड़ा, आम हो या खास, प्रत्येक व्यक्ति की आंख में पानी तो देखा ही गया साथ ही साथ ऐसी दुखद घटना की चर्चा वर्षों तक होती दिखाई देगी। श्मशान में मौजूद लोगों का कहना था कि या तो 2020 में कोरोना काल में एक साथ इतनी लाशें जलती हुई देखी गयी थी कि श्मशान में जगह ही कम पड़ गयी थी या फिर 5 साल बाद आज ऐसा भयावह नजारा देखने को मिला। इस नजारे को देखकर सिर्फ आंख ही नहीं, दिल भी जार-जार रोये और सभी ने एक स्वर में यही दुआ की कि ऐसा कहर फिर इस शहर पर कभी न बरपे। जाति, धर्म, राजनीति से दूर आज नगर के गणमान्य लोग भी एक साथ रुदन करते दिखाई दिये। फिर चाहे पूर्व सांसद संजीव बालियान हों या वर्तमान सांसद हरेन्द्र मलिक या पूर्व सांसद कादिर राना या अन्य राजनीतिक हस्तियां। एक साथ परिवार को ढांढस बंधाती दिखाई दी और सबने परिवार के साथ कांधे से कांधा मिलाकर अंतिम संस्कार में भाग लिया। हजारों लोगों की भीड़ में छह लोगों का अंतिम संस्कार किया गया। आपको बता दें कि 25 अगस्त को धार्मिक यात्रा मां वैष्णो देवी के लिए 23 लोगों का जत्था एक ही मौहल्ले रामपुरी से अलग-अलग परिवारों से गया था, जहां लैंड स्लाइडिंग होने के बाद पहली दुखद सूचना कार्तिक की मौत की आई थी, उसके बाद एकाएक 28 अगस्त को 5 लोगों के एक साथ मरने की पुष्टि जम्मू सरकार ने की तो मुजफ्फरनगर में हा-हाकार मच गया। उसके बाद एक और 16 वर्षीय किशोरी आकांक्षा के मरने की दुखद सूचना आई। अब तक कुल सात मौतें होने से जनपद का माहौल गमगीन दिखाई पड़ रहा है। बड़ी बात यह है कि अभी भी सहारनपुर, बागपत और मुजफ्फरनगर के कई लोग भूस्खलन में वहीं के वहीं फंसे हुए हैं। इनमें से अकेले मुजफ्फरनगर के ही 17 लोग अभी भी अस्पताल में जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहे हैं। जल्द ही जम्मू सरकार उनके उपचार के बाद उन्हें मुजफ्फरनगर वापस भेजने की तैयारी में लगी हुई है।

## 25 अगस्त को नगर से एक साथ निकले 23 श्रद्धालु

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। वैष्णो देवी दर्शन के लिए 26 अगस्त को उत्तरी रामपुरी के ही अलग-अलग परिवारों से 23 लोग यात्रा पर निकले थे। यात्रा के दौरान अचानक रोपवे पर आई आपदा में अब तक 17 लोग जम्मू के हॉस्पिटल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे है, जबकि तीन परिवारों के छह लोगों की दुःखद मौत हो गई। जिनमें सगे भाई नौ वर्षीय अनंत पुत्र अजय, छह वर्षीय दीपेश उर्फ डमरू पुत्र अजय, मां-बेटी 45 वर्षीय रामवीरी पत्नी इंद्रपाल, अंजली पुत्री इंद्रपाल व 45 वर्षीय मनतेश उर्फ ममता देवी पत्नी रविन्द्र और 16 वर्षीय आकांक्षा पुत्री रविन्द्र शामिल है।

## शनिवार की सुबह लगभग 6 बजे उनके शव घर पहुंचे तो पूरा इलाका गमगीन हो गया

मुजफ्फरनगर। जिस परिवार के लोग यात्रा पर गए उन्होंने जैसे ही अपने बच्चे बूढ़ों और नौजवानों के सकुशल घर लौटने की उम्मीद कर रहे थे उनके द्वारा पांच दिन बाद उनके शव देखे तो हर कोई सिहर उठा और चारों और चीख पुकार मच गई।

## मासूमों की सांस बंद होने के बाद भी दादा का लाड़ रहा जिंदा, शव के साथ रख दिए चिप्स

मुजफ्फरनगर। कहते है मूल से भी ब्याज प्यार होता है। उसका जीता जागता उदाहरण आज रामपुरी तब दिखाई दिया जब पोतों के अंतिम संस्कार के समय भी दादा की भावनाएं जीवित दिखी, दादा ने पार्थिव शरीर के साथ जब पोतों के खाने के लिए चिप्स रखे तो कोई आंख नम रहने से रुक नहीं पाई। पोतों के प्रति दादा का असीम प्रेम देख लोग फूट-फूटकर रो पड़े।

## मानवता : परोपकार सेवा समिति श्मशान घाट ने संस्कार की लकड़ियों की दी सेवा

मुजफ्फरनगर। नगर में हुई इस घटना से जहां मृतकों को सभी ने ठहरे हुए मन और खामोशी के साथ अंतिम विदाई दी तो परोपकार सेवा समिति श्मशान घाट काली नदी द्वारा भी इस गमगीन माहौल में अपनी श्रद्धांजलि देते हुए सभी मृतकों के अंतिम संस्कार की सेवा में लकड़ियों का योगदान दिया, समिति से जुड़े शिवचरण गर्ग ने इस घटना को नगर की बड़ी क्षति बताया तो शंकर स्वरूप और जितेन्द्र कुमार शर्मा ने निःशब्द नम आंखों से दिवंगत आत्माओं को नमन किया।













## आमने-सामने मकान, दोनों ही घरों से एक साथ उठी मां बेटी की अर्थी

मुजफ्फरनगर (बु.)। आमने सामने घरों से जब एक साथ दोनों मां बेटियों की अर्थियां निकली, तो हर कोई सिहर उठा। जब दोनों के अंतिम संस्कार की तैयारी हो रही थी, तो यह तय किया गया कि दोनों की अर्थियां एक साथ उठाई जाएंगी। यह दृश्य इतना भावुक था कि हर किसी की आंखें नम थीं। आमने-सामने के घरों से एक साथ निकलीं ये दो अर्थियां पूरे इलाके के लिए एक दुःखद और अविस्मरणीय घटना बन गई। इस घटना ने न केवल दोनों परिवारों को, बल्कि पूरे समाज को गहरा सदमा पहुंचाया है। लोग इस दुःखद संयोग पर यकीन नहीं कर पा रहे थे और हर कोई इस मुश्किल घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ा है।

# तसल्ली बख्श चोरी कर सीसीटीवी का डीवीआर तक ले गए चोर

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। इस बार नगर में चोर पुलिस को खुली चुनौती देते हुए नजर आ रहे हैं। नई मंडी क्षेत्र में चोरों ने एक सरिया गोदाम में सीसीटीवी की नजरों में कैद होकर तसल्ली बख्श चोरी की घटना को अंजाम दिया और बाद में अपने साथ डीवीआर सहित चोर एलईडी टीवी भी ले गए। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी है।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के शांतिनगर रजवाहा पटरी मोड पर मयंक शर्मा का शाकुंभरी स्टील ट्रेडर्स के नाम से सरिए का गोदाम है। मयंक शर्मा कि माने तो गोदाम के गल्ले में लगभग एक लाख रुपये नगद भी रखे थे। शुक्रवार देर रात अज्ञात चोर गोदाम की दीवार फांदकर घुसे और गल्ले में रखे रुपए सहित सरिए को बांधने वाले लगभग 60 हजार रुपये कीमत के 15 बंडल तार, दो क्विंटल कटा हुआ सरिया चुराकर ले गए। मयंक शर्मा ने बताया कि दो-तीन दिन से न आने की वजह से वह कैश घर पर नहीं लेकर गए थे। इससे पहले नवंबर 2023 में भी उनके गोदाम में चोरी हुई थी, जिसकी सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराई गई थी, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने नई मंडी कोतवाली में तहरीर दी है। उप निरीक्षक मोहित सिंह ने गोदाम पर पहुंचकर सरिया कारोबारी मयंक से घटना की जानकारी ली है। पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी के भरोसे है और जल्द खुलासा करने की बात कहती नजर आ रही है।



## जम्मू में फंसे सब्जी विक्रेता दिनेश ने बुलेटिन से लगाई गुहार तो पूर्व सांसद संजीव बालियान ने 40 लोगों की वापसी का कराया इंतजाम

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। शनिवार को जम्मू से कच्ची सड़क पर सब्जी विक्रेता दिनेश ने मुजफ्फरनगर बुलेटिन से सम्पर्क साधा और वहां से मुजफ्फरनगर वापसी के लिए बुलेटिन से गुहार लगाई और सब्जी विक्रेता दिनेश ने जानकारी देते हुए बताया कि मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बागपत समेत 40 लोग यहां फंसे हैं। बुलेटिन ने इसकी सूचना पूर्व सांसद डॉ. संजीव बालियान को दी और पूरे 40 लोगों की सूची उन्हें सौंपी तो उन्होंने तुरन्त जम्मू के राज्यपाल मनोज सिन्हा को यह सूची भेजी। तत्काल प्रभाव से इस पर संज्ञान लेते हुए वहां के तहसीलदार ने जम्मू के कटरा में रुके चिंतामणि धर्मशाला में रुके इन 40 लोगों से सम्पर्क साधा और रविवार की सुबह 9 बजे उनसे सम्पर्क करने के लिए कहा। तब जाकर कहीं फंसे हुए लोगों की जान में जान आई और उन्होंने बुलेटिन व डॉ. संजीव बालियान का आभार व्यक्त किया। माना जा रहा है कि आज रविवार को सभी 40 लोग सरकार की मदद से वापस अपने अपने घर लौट आएंगे। देर रात पूर्व सांसद डॉ. संजीव बालियान ने बुलेटिन को उक्त सारी जानकारी दी और बताया कि हम लोगों का प्रयास कल सफल हो जाएगा और वहां फंसे बागपत, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर के सभी 40 लोग सकुशल घर वापस लौट आएंगे। माना जा रहा है कि उक्त सभी लोग कल शाम की ट्रेन से जम्मू से चलेंगे और सोमवार की सुबह तक अपने-अपने घरों में पहुंच जाएंगे। उक्त सभी लोगों ने बुलेटिन को यह भी जानकारी दी कि लोगों ने जम्मू में उनकी काफी मदद की। तीन दिन तक लगातार बिना किराये के धर्मशाला, खानपान की व्यवस्था आमजन ने की।





### ये हैं वहां फंसे 40 लोगों के नाम नाम

**मुजफ्फरनगर** - दिनेश, ममता, राजीव, ईशा, पवन
**सहारनपुर** - जितेन्द्र, ममता, मनीष, दीपा
**बागपत** - सोनू कुमार, रीता देवी, विशू, प्रिया, तुलसी, कपिल देव, मधु, अमानी, आरव, सूरजमल, बबीता, अभिषेक, अंजलि, सुमित, दीपा, हर्ष, चमेली, शिमला, सुनील, रजनी, परिधि, आर्यन, निधि, सीमा, निखिल, शिखा, माही, अंकुर, बीना, शाशी, बाला



जम्मू में फंसे दिनेश ने की बुलेटिन से बातचीत

## चेन स्नेचिंग में फरार चल रहा पांच हजार का इनामी गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। थाना सिविल लाइन पुलिस ने शनिवार को चेन स्नेचिंग के मामले में फरार चल रहे 5 हजार के इनामी लुटेरे को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। थाना प्रभारी सिविल लाइन आशुतोष कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 अप्रैल को जीआईसी मैदान के सामने अज्ञात बदमाशों द्वारा महिला के गले से चेन लूट ली थी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस का बताना है कि 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के बाद पुलिस को सफलता मिली और ओवेश उर्फ उवेश उर्फ निवासी शास्त्रीनगर थाना नौचंदी मेरठ को गिरफ्तार कर लिया गया। उवेश शूटर बताया जाता है। पुलिस ने बदमाश पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया हुआ था। गिरफ्तार बदमाश उवेश की निशानदेही पर 10 हजार रुपए भी बरामद किये हैं। पुलिस ने गिरफ्तार इनामी बदमाश का चालान कर दिया है।

# पति की हत्या करने वाली पत्नी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। आपको बता दें कि 29 जुलाई को बुढ़ाना थाने के गांव टांडा माजरा थाना बुढ़ाना ने पुलिस को सूचना दी थी कि उसके बेटे संजय की हत्या उसकी पत्नी कविता ने की है। पुलिस ने उक्त मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच पडताल शुरू कर दी थी। गहनता से जांच के बाद आज पुलिस ने कविता निवासी रारधना, थाना सरधना मेरठ को गिरफ्तार कर लिया। कविता ने पूछताछ में बताया कि उसके पति संजय की पहले भी शादी हो चुकी थी, जिससे उसे तीन बच्चे भी हैं। कविता का बताना है कि वर्ष 2000 में संजय ने उसके साथ विवाह किया मगर उसका पति अपने माता पिता व पहली पत्नी के बच्चों की परवाह करने लगा। इसी के साथ-साथ शराब का भी सेवन करने लगा। वह वह अपने माता पिता की बात ही मानता था तथा सारी कमाई लाकर अपने माता पिता को देता था, जिससे कविता परेशान हो चुकी थी। कविता ने बताया कि अपने पति की शराब छुड़वाने के लिए वह उसे शामली में एक बाबा के पास ले गयी, जहां प्रसाद चढ़ाने से उसकी शराब छूट गयी मगर कुछ दिन बाद उसका पति पुराने ढर्रे पर आ गया। कविता को बार बार यह डर सता रहा था कि उसका पति संजय सारी सम्पत्ति अपनी पहली पत्नी व बच्चों के नाम कर देगा। इसी आशंका के चलते उसने एक प्लानिंग के तहत 26 जुलाई की रात जब उसका पति शराब पीकर आया तो उसकी गला दबाकर हत्या कर डाली। हाथापाई में कविता के शरीर पर चोट के निशान आए। कविता ने हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए पति की मौत के बाद उसे रस्सी से लटकाने का प्रयास किया मगर इतनी ही देर में उसकी पहली पत्नी का बेटा नीशू आ गया। उसने नीशू के साथ मिलकर पति को नीचे उतारा और खुद को दिल का दौरा पड़ने का ड्रामा रच दिया। जिसके बाद ससुराल पक्ष के लोग शव को लेकर अपने पैतक गांव टांडा माजरा में चले गये, जहां संजय के शरीर पर चोट के निशान देखकर परिजनों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। लम्बी जांच के बाद अब पत्नी को आरोपी मानते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया और जेल भेज दिया गया।

## मोदी की जेलेंस्की के साथ बातचीत, संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान का किया समर्थन

नयी दिल्ली 30 अगस्त (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के सभी प्रयासों का पुरजोर समर्थन करता है। चीन की दो दिन की यात्रा पर आज दोपहर तियांजिन पहुंचे श्री मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। श्री मोदी की चीन में रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता होनी है। इस बैठक से पहले श्री जेलेंस्की के साथ श्री मोदी की बातचीत को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारत रुस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष के समाधान के लिए शुरू से ही बातचीत तथा राजनयिक प्रयासों पर बल देता आया है। श्री मोदी अपनी इस बात को कई बार दोहरा चुके हैं कि यह युद्ध का समय नहीं है। प्रधानमंत्री ने आज यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ बातचीत के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने इस संघर्ष, उसके मानवीय पहलू और शांति एवं स्थिरता बहाल करने के प्रयासों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने कहा कि भारत इस दिशा में सभी प्रयासों को पूर्ण समर्थन देता है।

## दबंग युवक द्वारा सरेराह फायरिंग, तलाश जारी

भोपा, 30 अगस्त (बु.)। थानाक्षेत्र के गांव बेलडा में बीते शुक्रवार की रात एक दबंग युवक द्वारा सरेराह फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया, जिससे गांव में सनसनी फैल गई। मामले की सूचना पर गांव में पहुंची लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलड़ा में उस समय सनसनी फैल गई जब सरेराह एक युवक द्वारा तमंचे से हवाई फायरिंग कर दी गई। मामले से घबरा किसी ग्रामीण ने मामले की सूचना भोपा पुलिस को दी, जिसके बाद भोपा पुलिस में हड़कंप मच गया और पुलिस आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। पुलिस ने उसकी तलाश में कई स्थानों पर दबिश दी, लेकिन आरोपी का कोई पता नहीं चल पाया। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि शुक्रवार देर रात बेलड़ा में एक युवक द्वारा तमंचे से हवाई फायरिंग की सूचना मिली थी। आरोपी की तलाश की जा रही है। कोई तहरीर नहीं मिली है। मामले में वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।




# नोएडा समीक्षा बैठक में एमडी ने लगाई अफसरों को कड़ी फटकार

## ▶▶ देर सायं मुख्य अभियंता पवन अग्रवाल का गाजियाबाद तबादला
## ▶▶ जनपद संभल के चीफ विनोद कुमार को मिली जिले में तैनाती

नोएडा/मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक आईएएस ईशा दुहन ने राजस्व वसूली में लक्ष्य से पिछड़े विद्युत अफसरों को संपन्न समीक्षा बैठक में फटकार लगाने के साथ सुधर जाने की नसीहत दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभागीय कार्यों में लापरवाही और राजस्व वसूली के तय लक्ष्य के सापेक्ष लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारिक दायित्वों के प्रति शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस बीच उन्होंने जनपद मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना व खतौली एक्सईएन को कार्यों के प्रति पूर्ण रूप से लापरवाह बताते हुए कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। उधर, देर सायं मुजफ्फरनगर के मुख्य अभियंता का तबादला कर दिया गया। वर्तमान में यहां पर कार्यरत मुख्य अभियंता पवन कुमार अग्रवाल का गाजियाबाद के प्रथम जोन में किए जाने के साथ उनके स्थान पर संभल जिले में कार्यरत चीफ विनोद कुमार को मुजफ्फरनगर जनपद की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।

शनिवार में पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की एक समीक्षा बैठक नोयडा में निगम की एमडी आईएएस ईशा दुहन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उक्त समीक्षा बैठक में पश्चिमांचल क्षेत्र के सभी जनपदों के मुख्य विद्युत अभियंता एवं एक्सइएन मौजूद रहे। बैठक में सरकार की ओर से प्रारंभ योजनाओं की समीक्षा के साथ राजस्व वसूली, वाणिज्य मानकों पर खराब प्रदर्शन करने समेत अन्य मुद्दों को लेकर विचार मंथन किया गया। इसके साथ ही राजस्व वसूली लक्ष्य में विफल रहे सभी अधीक्षण व अधिशासी अभियंताओं को कार्रवाई के लिए तैयार रहने की नसीहत दी। एमडी ईशा दुहन ने सख्त निर्देश दिए हैं कि लक्ष्य और निर्देश के अनुरूप कार्रवाई नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी। एमडी के कड़े रूख से विद्युत विभाग में खलबली है। उधर, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक ईशा दुहन ने शनिवार को समीक्षा बैठक के बाद मुजफ्फरनगर के मुख्य अभियंता पवन अग्रवाल को तबादला जनपद गाजियाबाद के प्रथम जोन में करते हुए अब तक संभल जनपद में कार्यरत विनोद कुमार को मुख्य अभियंता बनाया है।

# कोई भी परमानेंट दोस्त या दुश्मन नहीं : राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंध स्थायी नहीं होते, सिर्फ राष्ट्रीय हित स्थायी होते हैं। भारतीय सामानों पर अमेरिकी टैरिफ बढ़ाने के बीच उन्होंने स्वदेशी डिफेंस सिस्टम डेवलप करने की बात कही। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में कोई भी परमानेंट दोस्त या दुश्मन नहीं होता, केवल परमानेंट इंटरेस्ट होता है। राजनाथ का यह बयान ऐसे समय आया है, जब टैरिफ को लेकर अमेरिका और भारत के संबंधों में तनाव चल रहा है। साथ ही भारत-चीन संबंधों में नरमी आई है। अमेरिका में भारतीय सामानों पर 50% टैरिफ 27 अगस्त से लागू हो चुके हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक डिफेंस समिट के दौरान कहा कि स्वदेशी टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अहम प्रगति हुई है। आईएनएस हिमगिरि और आईएनएस उदयगिरि सहित नीलगिरि श्रेणी के दो जंगी जहाज देश में डिजाइन किए गए हैं। आत्मनिर्भरता की दिशा में देश अब सभी युद्धपोतों का निर्माण घरेलू स्तर पर हो रहा है। नौसेना ने किसी अन्य देश से युद्धपोत न खरीदने, बल्कि उन्हें भारत में ही बनाने का संकल्प लिया है। रक्षा मंत्री ने 50% अमेरिकी टैरिफ का जिक्र करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर फिलहाल व्यापार के लिए युद्ध जैसी स्थिति है। विकसित देश तेजी से संरक्षणवादी हो रहे हैं, लेकिन भारत अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा। भारत का स्वदेशी डिफेंस सिस्टम सुदर्शन चक्र जल्द ही वास्तविकता बनने वाला है। राजनाथ सिंह ने कहा कि अस्थिर जियो-पॉलिटिक्स के बीच आत्मनिर्भरता अब जरूरत बन गई है। आज की बदलती जियो-पॉलिटिक्स ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि रक्षा के क्षेत्र में बाहरी निर्भरता अब हमारे लिए कोई विकल्प नहीं है। फिलहाल आत्मनिर्भरता हमारी अर्थव्यवस्था और सुरक्षा दोनों के लिए जरूरी है। भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट 2014 में 700 करोड़ रुपये से बढ़कर आज लगभग 24,000 करोड़ रुपये हो गया है। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर पर बोलते हुए सिंह ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के सटीक हमलों ने स्वदेशी रक्षा प्रणालियों की उपयोगिता साबित की है, जिस प्रकार एक खिलाड़ी दौड़ में कुछ ही सेकंड में जीत हासिल कर लेता है, लेकिन उसके पीछे वर्षों की कड़ी मेहनत होती है। उसी तरह हमारी सेनाओं ने भी वर्षों की तैयारी, कड़ी मेहनत और स्वदेशी उपकरणों के साथ टारगेट को तबाह किया है।

# पत्रकारों द्वारा ग्रामीण समस्याओं को प्रकाशित करने से होता समाधान : कैबिनेट मंत्री

## - -जिला सहकारी बैंक के सभागार में हुआ संगोष्ठी का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बुस.)।** जिला सहकारी बैंक के सभागार में शनिवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तत्वावधान में *ग्रामीण पत्रकारिताः एक जोखिम भरा कार्य* विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारिता देश के विकास की रीढ़ है। पत्रकारों के द्वारा ग्रामीण समस्याओं को उठाने के बाद ही उनका समाधान होता है। उन्होंने कहा कि पहले पत्रकारिता का परिवेश सिर्फ शहरों तक सीमित था, लेकिन अब यह गांव-गांव तक पहुंच चुकी है। उन्होंने इंटरनेट मीडिया और यूट्यूब के इस दौर में खबरों को प्रमाणित करके प्रसारित करने की भी अपील की। विशिष्ट अतिथि जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन ठाकुर रामनाथ सिंह ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना हैं। वे छोटी-बड़ी सभी खबरें शासन-प्रशासन तक पहुंचाकर जन समस्याओं को सामने लाते हैं। संघर्षशील पत्रकारिता में जोखिम अवश्य है। संगोष्ठी में प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि कार्य करने में कठिनाइयां अवश्य आती हैं, लेकिन




उनका सामना करने के लिए साहस होना चाहिए। अपनी कलम में निष्पक्षता रखकर कार्य करें। एक पक्ष को भारी और दूसरे को हल्का करके खबरें न लिखें, जब भी कलम चले, सही दिशा में चले। संगोष्ठी में प्रदेश महामंत्री डॉ. नरेश पाल सिंह ने कहा कि पत्रकारों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पत्रकारों को सशक्त करना समय की मांग है। पत्रकारों की आय आजीविका चलाने के लिए पर्याप्त नहीं है। अपने कारोबार के साथ-साथ पत्रकारिता के लिए समय निकालना एक बड़ी चुनौती है। श्रीराम कालेज पूर्व पत्रकारिता विभाग अध्यक्ष रवि भूषण गौतम ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारिता सच्ची समाजसेवा है, जिसमें बहुत संघर्ष है। संगोष्ठी में सूचना एवं जन संपर्क विभाग के उप निदेशक दिलीप कुमार गुप्ता ने दो सप्ताह में मंडल के तीनों जिलों में जिला स्तरीय पत्रकार स्थाई समिति का गठन कराने का आश्वासन दिया। संगोष्ठी को सहारनपुर के जिलाध्यक्ष आलोक तनेजा, शामली के जिलाध्यक्ष इंद्रपाल पांचाल, जिलाध्यक्ष संजय राठी ने भी संबोधित किया। संचालन रोहिताश कुमार वर्मा के द्वारा किया गया। संगोष्ठी में खतौली, बुढ़ाना, पुरकाजी, मीरापुर, जानसठ, मोरना, भोपा, ककरौली, चरथावल, सिसौली, शाहपुर क्षेत्र के पत्रकारों ने भाग लिया।

# जिला महिला चिकित्सालय में सुनीता शर्मा और अनीता का विदाई समारोह आयोजित

## - सबका पूरा सहयोग और प्यार मिला : सुनीता शर्मा



**मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बुस.)।** रुड़की रोड स्थित जिला महिला चिकित्सालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला डॉ. आभा आत्रे ने कहा कि आज हमारे परिवार में से दो सदस्य कम हो गए हैं। उन्होंने कहा कि आज सुनीता शर्मा वरिष्ठ बीएचयू और अनीता वरिष्ठ बीएच यू का विदाई समारोह आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों ही परिवार के सदस्यों ने महिला चिकित्सालय में अपनी सेवाएं दी और ईमानदारी से अपने काम को अंजाम दिया। श्री आभा ने कहा कि आज परिवार के दो सदस्य कम हो गए हैं, लेकिन सरकारी नौकरी में रिटायरमेंट तो होना ही पड़ता है। उन्होंने दोनों महिला वरिष्ठ कर्मचारियों को पूरा विश्वास दिलाया कि महिला चिकित्सालय उनका पूरा सम्मान हमेशा करता रहेगा। सुनीता शर्मा और अनीता को महिला चिकित्सालय में उपस्थित सभी डॉक्टर्स एवं कर्मचारियों ने फूलमाला पहनकर स्वागत किया। परिवार के लोगों ने महिला चिकित्सालय के सभी अधिकारियों का धन्यवाद किया और कहा कि हमें हमेशा जिस तरह जिला महिला अस्पताल का पूरा प्यार मिला आगे भी हमें आशा है कि इसी तरह सब लोगों का प्यार मिलता रहेगा। विदाई कार्यक्रम के बाद परिवार के लोग पवन गिरि, राजकुमार गिरि, लोकेश, सचिन आदि परिवार वाले सुनीता शर्मा को गाड़ी में बैठाकर पूरे ढोल-ठमाके के साथ निवास त्यागी कॉलोनी लेकर पहुंचे, जहां मौहल्ले के लोगों ने भी सुनीता शर्मा का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. अनीता सिंह, डॉ. मुरली भास्कर, अनीता, डॉ. बीजू वीर सिंह, कंचन, संतोष, वंदना, सिस्टर आभा, सिस्टर उतेश जौहरी, डॉ. राम विलास, पवन, राममिलन गिरि, सुभाष पुरी, दिलावर सिंह, संजय, चिंटू, पार्थ गोस्वामी, काव्यांश, आर्यन, युवराज, सोनिया, मोनिका, अनुश्री, आराध्या, विकास त्यागी आदि लोग उपस्थित थे।

## जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में खेलने भारत आएगी पाकिस्तान टीम

**नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसी)।** एफआईएच हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप 2025 के लिए पाकिस्तान की टीम भारत आने पर सहमत हो गई है। यह टूर्नामेंट 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा। हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव गहराया था। खेल जगत पर भी इसका असर दिखा और पाकिस्तान ने हॉकी एशिया कप में भारत आने से इंकार कर दिया था। लेकिन अब वही पाकिस्तान अपनी जूनियर टीम को वर्ल्ड कप के लिए भारत भेज रहा है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने बताया कि पाकिस्तान को टूर्नामेंट में भाग लेने की हरी झंडी मिल गई है। उन्होंने कहा— जूनियर वर्ल्ड कप एक इंटरनेशनल टूनामेंट है. अगर पाकिस्तान हमारी पूल में है तो हम उनके साथ खेलने से क्यों पीछे हटेंगे। कुल 24 टीमों ने अपनी एंट्री भेज दी है और अब पाकिस्तान का नाम भी इस लिस्ट में शामिल हो जाएगा।

# इस्तीफे के एक महीने बाद फिर चर्चा में जगदीप धनखड़, पेंशन के लिए किया आवेदन



**नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसी)।** इस्तीफे के करीब एक महीने से अधिक समय बाद पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ चर्चा में आ गए हैं। बताया जा रहा है कि उन्होंने राजस्थान विधानसभा में पेंशन के लिए आवदेन किया है। विधानसभा सचिवालय ने उनके इस आवेदन को स्वीकार भी कर लिया है। दरअसल, जगदीप धनखड़ साल 1993 में कांग्रेस के टिकट पर अजमेर जिले की किशनगढ़ सीट से विधायक भी रह चुके हैं। इस स्थिति में विधायक रहने के नाते उनको पेंशन का अधिकार प्राप्त है। बता दें कि विधायक के रूप में उनका कार्यकाल 1998 तक रहा। राजस्थान में प्रत्येक पूर्व विधायक को 35,000 रुपये मासिक पेंशन मिलने का प्रावधान है। हालांकि, इसके अतिरिक्त आयु आधारित बढ़ोतरी का भी प्रावधान है। ऐसे में जो भी पूर्व विधायक 70 साल की उम्र को पार कर लेता है, उसको 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन मिलती है। वहीं, 80 साल की उम्र पूरा करने पर उसके पेंशन में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाती है। इस स्थिति में देखें तो जगदीप धनखड़ 74 साल के हैं। ऐसे में उनके पेंशन में 20 फीसदी बढ़ोतरी होगी। इसका अर्थ है कि उन्हें 35,000 रुपये की बजाय लगभग 42,000 रुपये प्रति माह पेंशन मिलेगी। गौरतलब है कि जैसे ही औपचारिकताएं पूरी होती हैं, जगदीप धनखड़ को पेंशन मिलनी शुरू हो जाएगी। जगदीप धनखड़ का सार्वजनिक जीवन में एक लंबा और प्रतिष्ठित करियर रहा है। राजस्थान में विधायक के रूप में सेवा देने के अलावा, वे लोकसभा सदस्य भी रहे हैं और केंद्र में मंत्री पदों पर रहे हैं। सनद रहे कि 2022 में भारत के उपराष्ट्रपति के पद पर उनकी पदोन्नति उनके राजनीतिक जीवन के शिखर पर पहुँची। अपने नवीनतम आवेदन के साथ, अब वे राजस्थान विधानसभा से पेंशन लाभ पाने वाले पूर्व विधायकों की सूची में शामिल हो गए हैं।

# चरथावल ब्लॉक का छठवां गांव निवारणीय अंधता मुक्त



**चरथावल, 30 अगस्त (बु.)।** डॉ. श्रॉफ चैरिटी ऑई हॉस्पिटल और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के सहयोग से चरथावल नेत्र जांच केंद्र के तहत गांव कसियारा ब्लॉक चरथावल के छठवें गांव को निवारणीय अंधता मुक्त घोषित किया गया, निवारण अंधता मुक्त घोषणा के पूर्व गांव में घर-घर जाकर संस्था की टीम ने मरीजों को चिन्हित कर चरथावल नेत्र जांच केंद्र पर मरीजों को ले जाकर नेत्र जांच की गई। मोतियाबिंद की सर्जरी के लिए मरीजों का सहारनपुर स्थित डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल में निःशुल्क इलाज किया गया, जिन मरीजों को चश्मों की आवश्यकता थी, उनको चश्मा बनाने के लिए बताया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यशी गर्ग राष्ट्र सेविका समिति खंड कार्यवाहिका चरथावल ने समाज में संस्था द्वारा किए कार्यों की सराहना की और कहा कि स्वस्थ भारत के लिए इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम से महिलाएं भी सशक्त बनेगी। ग्राम प्रधान दीपक कुमार, सब इंस्पेक्टर गजेन्द्र सिंह ने समुदाय में डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की और कम्यूनिटी ऑप्टोमेट्रिस्ट परविंदर ने अस्पताल में दी जाने वाली सुविधाओं एवं अब तक सहारनपुर में ओपीडी सर्जरी एवं आंखो में होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक किया। कम्युनिटी कार्यक्रम अधिकारी दीपक रावत ने समाज में गांववासियों को अस्पताल द्वारा दी गई सुविधाओं के बारे में बताया और निवारणीय अंधता के बारे जानकारी दी। अंत में दीपक रावत द्वारा अतिथियों गांव वासियों व मीडियाकर्मियों और अपनी पूरी टीम सचिन पुंडीर, विमल, संदीप, राहुल, सचिन कुमार, सीमा, मनीषा आदि का इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया।

# प्रक्रिया न होने से आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने राकेश टिकैत से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया



**शाहपुर, 30 अगस्त (बु.)।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में इस वर्ष प्रवेश की प्रक्रिया न होने से आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया। भाकियू प्रवक्ता ने मां शाकुंभरी देवी विश्वविद्यालय की कुलपति से वार्ता की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कॉलेज में नए सत्र में प्रवेश नहीं लिए जाते, तो आंदोलन किया जाएगा। कस्बे में स्थित राजकीय महाविद्यालय में इस सत्र 2025-26 में नए प्रवेश की प्रक्रिया न होने से कस्बे व देहात के छात्र-छात्राओं में रोष व्याप्त है। शनिवार को आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने भाकियू के गांव सोरम के अध्यक्ष विकास बालियान व चौधरी देशपाल सिंह के नेतृत्व में भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत से उनके आवास पर मुलाकात की। छात्र-छात्राओं ने भाकियू प्रवक्ता को बताया कि कस्बे में स्थित राजकीय महाविद्यालय में दर्जनों छात्र-छात्राओं ने अपना पंजीकरण कर लिया था। बावजूद इसके कॉलेज के प्राचार्य ने मां शाकुंभरी देवी विश्वविद्यालय के कुलपति के आदेश पर महाविद्यालय में प्रवेश न लेने की बात कही, जिससे दर्जनों छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकार मय हो गया है। भाकियू प्रवक्ता ने छात्र-छात्राओं की बात को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए मां शाकुंभरी देवी विश्वविद्यालय की कुलपति से फोन पर वार्ता की। भाकियू प्रवक्ता ने कहा कि कस्बे में स्थित राजकीय संघटक महाविद्यालय में कस्बे व देहात के गरीब परिवारों के छात्र-छात्राएं पढ़ते है, यदि महाविद्यालय में प्रवेश नहीं दिया गया, तो छात्र-छात्राओं को मुजफ्फरनगर या दूसरे अन्य महाविद्यालयों में प्रवेश लेना पड़ेगा, जिससे उन्हें आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ेगा। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि वह छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से वार्ता करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के अधिकार से किसी को वंचित नहीं होने दिया जाएगा और छात्रों के हितों की रक्षा भाकियू हर स्तर पर करेगी। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के प्रवेश न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता से मुलाकात करने वालों में दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय बालिका ओपन कबड्डी प्रतियोगिता में सोरम ने प्रथम व राजकीय कन्या इंटर कॉलेज सिसौली ने द्वितीय स्थान पाया

**शाहपुर, 30 अगस्त (बु.)।** क्षेत्र के गांव सोरम स्थित वैदिक कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित जिला स्तरीय बालिका ओपन कबड्डी प्रतियोगिता में सोरम ने प्रथम व राजकीय कन्या इंटर कॉलेज सिसौली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिला ओलंपिक संघ के सह सचिव मास्टर रामपाल सिंह ने बताया कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर उप्र खेल निदेशालय के निर्देशानुसार गांव सोरम के वैदिक कन्या इंटर कॉलेज में जिला स्तरीय बालिका ओपन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ गांव प्रधान कर्णवीर सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में आठ टीमें जिसमें गांव सोरम के अलावा गांव आदमपुर, भाज्जू, हरसौली, कसेरवा, गोयला, राजकीय इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर व राजकीय इंटर कॉलेज सिसौली की बालिका टीमों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि सभी टीमों की बालिका खिलाड़ियों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतियोगिता में अपना प्रदर्शन किया। लीग मैच के बाद क्वार्टर व सेमीफाइनल मैच होने के बाद फाइनल मैच गांव सोरम व राजकीय कन्या इंटर कॉलेज सिसौली की बालिका टीमों के बीच खेला गया, जिसमें गांव सोरम की टीम ने 49 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिद्वंदी टीम को 34 अंकों के भारी अंतर से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में भाकियू के गांव अध्यक्ष विकास बालियान व समाज सेवी लोकेंद्र बालियान ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान कुश्ती कोच प्रदीप बालियान, एथलेटिक्स कोच विकास सैनी, विपिन बालियान, देशपाल चौधरी, चरण सिंह बिटावदा, रतन सिंह बालियान, गौरव कुमार, बालेंद्र खलीफा के अलावा विद्यालय की प्रधानाचार्य संगीता देवी, शिक्षक रजनीश कुमार व जयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# अमेरिकी अदालत ने ट्रंप को टैरिफ पर दिया झटका, आपके इस फैसले से हिल जाएगी यूएस की अर्थव्यवस्था




**वाशिंगटन, 30 अगस्त (एजेंसी)।** विदेशी वस्तुओं पर मनमाने ढंग से टैरिफ लगाने के बाद डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिकी अदालत से तगड़ा झटका लगा है। अमेरिका की कोर्ट ने ट्रंप के टैरिफ पर सवाल खड़े किए हैं। ऐसे में अगर ट्रंप के टैरिफ को खत्म किया जाता है, तो इसका दुनिया पर क्या असर होगा? अमेरिका की कोर्ट ने ट्रंप को 14 अक्तूबर तक का समय दिया है। तब तक टैरिफ लागू रहेगा और ट्रंप प्रशासन इसके लिए अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकता है। लेकिन, अगर सुप्रीम कोर्ट ने भी टैरिफ को खारिज कर दिया, तो इससे अमेरिका को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता में आने के बाद कई देशों पर टैरिफ लगा दिया। ट्रंप का टैरिफ 2 अप्रैल से लागू हुआ। इस दौरान ट्रंप ने कुछ देशों को टैरिफ में रियायत दी तो कई देशों का टैरिफ बढ़ा दिया। जुलाई 2025 तक सिर्फ टैरिफ से अमेरिका ने 159 बिलियन डॉलर कमाए हैं। ऐसे में अगर टैरिफ हटाने का आदेश दिया जाएगा, तो अमेरिका को यह पैसे रिफंड करने पड़ सकते हैं, जिससे अमेरिकी खजाने पर बुरा असर पड़ेगा। ट्रंप प्रशासन कई देशों के साथ ट्रेड डील पर बातचीत कर रहा है। वहीं, टैरिफ के कारण यहां ट्रंप का पलड़ा भारी नजर आ रहा है। हालांकि, अगर सुप्रीम कोर्ट भी टैरिफ को गैरकानूनी करार देती है, तो इससे ट्रेड डील में भी ट्रंप को नुकसान हो सकता है। डोनाल्ड ट्रंप के अनुसार, अगर सुप्रीम कोर्ट ने टैरिफ के खिलाफ फैसला सुनाया तो यह अमेरिका को बर्बाद कर देगा। बता दें कि अमेरिका की एक संघीय अदालत ने टैरिफ को गैरकानूनी बताते हुए 14 अक्टूबर तक इसे हटाने का आदेश दिया है। इस बीच ट्रंप प्रशासन सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकता है।

# आरसीबी ने किया मुआवजा देने का ऐलान, 25-25 लाख रुपये की मदद देगी फ्रेंचाइजी





**बेंगलुरू, 30 अगस्त (एजेंसी)।** बेंगलुरु भगदड़ मामले में 11 लोगों की मौत हो गई थी। ये हादसा आईपीएल 2025 के फाइनल के अगले दिन 4 जून को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुआ। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत का जश्न मनाने के लिए हजारों की संख्या में लोग चिन्नास्वामी स्टेडियम पहुंचे थे, लेकिन इस दौरान भगदड़ मचने से बड़ा हादसा हुआ, जिसमें 11 परिवारों ने अपने चाहने वालों को खो दिया। इसे लेकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की तरफ से आज शनिवार, 30 अगस्त को एक स्टेटमेंट जारी किया गया है, जिसमें इन 11 परिवारों को 25-25 लाख रुपये मुआवजे के तौर पर देने का ऐलान किया गया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपने सभी सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट शेयर करके इस बात की जानकारी दी है। आईपीएल की इस फ्रेंचाइजी ने आरसीबी केयर्स नाम से एक मूवमेंट की शुरूआत की है और इसी के साथ ऑफिशियल अनाउंटमेंस करते हुए लिखा है कि '4 जून, 2025 को हमारा दिल टूट गया। हमने आरसीबी फैमिली के 11 मेंबर्स को खो दिया। वे हमारा ही हिस्सा थे। ये वो हिस्सा है जो हमारे शहर, हमारी कम्यूनिटी और हमारी टीम को सभी से अलग बनाता है। हम सभी के दिलों में उन लोगों की याद हमेशा रहेगी'। आरसीबी के सोशल मीडिया हैंडल से आगे लिखा गया कि 'कोई भी धनराशि उन लोगों की कमी को पूरा नहीं कर सकती। लेकिन पहले कदम के तौर पर और पूरी इज्जत के साथ आरसीबी ने उन लोगों के परिवार वालों को 25-25 लाख रुपये देने का फैसला किया है। ये मदद केवल आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि करुणा, एकता और उनकी देखभाल का वादा है'।

## नाबालिग छात्रा से शिक्षक ने स्कूल में की अश्लील हरकत... बोला 'तुमसे निकाह करना चाहता हूं'

**अलीगढ़, 30 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के जवां ब्लॉक में स्थित एक प्राथमिक जूनियर हाईस्कूल से मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। स्कूल के हेडमास्टर पर 11 वर्षीय छात्रा के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करने का गंभीर आरोप लगा है। इस घटना ने गुरु-शिष्य के पवित्र रिश्ते को कलंकित किया है। तालिबनगर के सरकारी स्कूल में सातवीं कक्षा में पढ़ने वाली पीड़िता ने अपनी मां को बताया कि स्कूल के हेडमास्टर शकील अहमद ने उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। मां की शिकायत के अनुसार, आरोपी शिक्षक छात्रा के निजी अंगों को छूता था और उसे धमकी देता था कि अगर उसने किसी को बताया तो वह उसे परीक्षा में फेल कर देगा। आरोपी ने बच्ची से यह भी कहा कि वह उससे निकाह करना चाहता है। 23 अगस्त 2025 की शाम को जब छात्रा ने रोते हुए अपनी मां को यह सब बताया, तब इस घिनौने कृत्य का खुलासा हुआ। मां को अपनी बेटी के डरे हुए व्यवहार और बदले हुए स्वभाव पर पहले ही संदेह हो गया था। प्यार से पूछने पर बच्ची ने हेडमास्टर की हरकतों का खुलासा किया। पीड़िता की मां ने थाना गोधा में आरोपी हेडमास्टर शकील अहमद के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज की।

# मायके बात करने पर पत्नी की नाक काटी, पति बोला- हजार बार मना किया, नहीं मानी



**मुरादाबाद, 30 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के थाना मैनाठेर मोहल्ले में चौंकाने वाली वारदात हुई, जहां 45 साल के चांद मोहम्मद ने अपनी पत्नी राबिया की नाक चाकू से काट दी। घटना का कारण था कि राबिया अपने मायके वालों से बात करती थी, जिसे आरोपी पति कई बार रोक चुका था। पत्नी ने बताया कि तीन दिन पहले पति से झगड़ा होने के बाद वह मायके चली गई थी। शनिवार सुबह बेटी के कपड़े लेने के लिए जब वह ससुराल पहुंची, तो पति ने अचानक उस पर हमला कर दिया। राबिया ने बताया कि हमला करने के बाद आरोपी पति ने धमकी दी, ह्नहजार बार मना किया था, मायके से बात मत करो। नहीं मान रही तो अब झेलो।ह्व इसके बाद आरोपी वहां से भाग गया। घायल पत्नी अपने कपड़े से नाक दबाकर मायके पहुंची। परिजनों ने तुरंत उसे मुरादाबाद जिला अस्पताल पहुँचाया, जहां से गंभीर हालत के कारण उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। चांद मोहम्मद पेशे से पॉलिश कारीगर है और वह एक एक्सपोर्ट फैक्ट्री में पीतल पॉलिश का काम करता है। सात साल पहले उसकी शादी राबिया से हुई थी। दंपती के बच्चे नहीं होने पर एक बच्ची को गोद लिया। आरोप और विवाद का सिलसिला शादी के कई वर्षों से चल रहा था। राबिया की मां चंदा ने बताया कि चांद मोहम्मद बेटी को मायके वालों से बात करने से रोकता था, जिससे अक्सर झगड़े होते थे। तीन दिन पहले भी इसी वजह से विवाद हुआ और राबिया ससुराल छोड़कर मायके चली आई थी। शनिवार सुबह जब वह कपड़े लेने गई तो आरोपी ने उस पर हमला कर दिया। चंदा ने कहा, ह्नमेरी बेटी की क्या गलती थी? उसका इतना खून बह गया कि डॉक्टर ने उसे दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया। बेटी की हालत अभी ठीक नहीं है।

# यूपी में मॉनसून फिर हुआ एक्टिव, 40 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट




**लखनऊ, 30 अगस्त (एजेंसी)।** यूपी में मॉनसून फिर एक्टिव हो गया है। मॉनसून की सक्रियता के कारण हर तरफ बादलों की आवाजाही देखने को मिल रही है। 24 घण्टे में प्रदेश के पूर्वी हिस्सो में बारिश ऑफत बनकर बरसी है, जिसके कारण अलग अलग शहरों में सड़के तालाब में तब्दील हो गई। 24 अगस्त को भी मौसम विभाग ने भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान आकाशीय बिजली भी कहर बनकर टूट सकती है। इसके अलावा आज अधिकतम तापमान में भी 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक कि कमी देखी जा सकती है। आईएमडी की ओर से मिले लेटेस्ट जानकारी के मुताबिक, यूपी में अगले 2 दिनों तक आसमान जमकर बरसने वाले हैं। जानकारी के अनुसार यूपी के 40 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी हुई है। वहीं 60 से ज्यादा जिलों में आज गरज चमक के साथ बिजली गिरने की भी संभावना है। इसमें यूपी के पूर्वी और पश्चिमी दोनों ही संभाग के कई जिले शामिल हैं। पूर्वानुमान है कि रविवार को मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, जालौन, कानपुर, औरया, कन्नौज, उन्नाव, अमेठी, रायबरेली, अयोध्या, गोंडा, सुल्तानपुर, बांदा, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, गोरखपुर, संतकबीरनगर, महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर, मऊ, बलिया, मिजार्पुर, सोनभद्र, प्रतापगढ़, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत और बिजनौर में भारी बारिश होगी। इस दौरान बादलों के गड़गड़ाहट की आवाज भी सुनाई देगी।


संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# जहरीली गैस ने छीनी तीन मजदूरों की सांसे

**कानपुर, 30 अगस्त (एजेंसी)।** कानपुर देहात के अकबरपुर तहसील क्षेत्र के कन्हैया नगर स्थित मीना बगिया के पास एक दर्दनाक हादसा हो गया। निमोणाधीन मकान के सेप्टी टैंक की शटरिंग हटाने के दौरान जहरीली गैस के रिसाव से तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, रामनारायण के निमोणाधीन मकान में सीवर सेप्टिक टैंक की सटरिंग हटाने के लिए ठेकेदार अमन सबसे पहले टैंक में उतरा, लेकिन जहरीली गैस की चपेट में आने से बाहर नहीं निकल पाया। उसे बचाने के लिए उसके साथी इसरार, मोबिन और सर्वेश भी टैंक में उतर गए, लेकिन तीनों बेहोश होकर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही फायर टीम मौके पर पहुंची और सभी को बाहर निकालकर आनन फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने अमन, मोबिन और सर्वेश को मृत घोषित कर दिया, जबकि इसरार की हालत नाजुक बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्रा भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में जहरीली गैस के रिसाव से मौत की पुष्टि हुई है, आगे की जांच की जा रही है। अस्पताल में मृतकों के परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया है। स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया है। लोग कह रहे हैं कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा के उचित इंतजाम न होने से यह त्रासदी हुई, जिसकी जांच और जिम्मेदारी तय करना अब प्रशासन की बड़ी चुनौती बन गई है।

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र**
**Bank of Maharashtra**
भारत सरकार का उद्यम
*एक परिवार एक बैंक*

अंचल कार्यालय, नोएडा– बी–192/ए, ब्लॉक बी, सेक्टर 52, नोएडा गौतम बौद्ध नगर, उत्तर प्रदेश 201301
प्रधान कार्यालयः लोकमंगल,1501, शिवाजीनगर, पुणे–5

**मांग सूचना**

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र– मुजफ्फरनगर शाखा, 46/5, नॉर्थ सिविल लाइंस, कोर्ट रोड, मुजफ्फरनगर–251001**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 3 (1) के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)**

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र, संबंधित शाखा** के माध्यम से प्राप्त किये गये ऋण जो कि एन.पी.ए. हो चुका है व जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित बकाया राशि शेष थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्नवर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना निम्न वर्णित दिनांक को पंजीकृत डाक एवं स्पीड पोस्ट पावती सहित आपको भेजी गई थी, जो कि वापस हुई। इसलिए इस प्रकाशन के द्वारा नोटिस देते हुए आप सभी संबंधितों को अवगत किया जाता है, कि निम्न वर्णित उधारकर्ताओ/जमानतदारों को एतद् द्वारा **बैंक ऑफ महाराष्ट्र, संबंधित शाखा** में इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों की अवधि के भीतर निम्न वर्णित बकाया राशि साथ ही अतिरिक्त ब्याज, लागत अनुषंगिक व्यय, प्रभार इत्यादि अदा करने के लिये सूचित करते हैं। बैंक के दस्तावेजों एवं करार के अनुसार ऋणी की सुरक्षित आस्तियां **बैंक ऑफ महाराष्ट्र** के प्रभार के अधीन है। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता | बंधक संपत्ति का विवरण | क्रेडिट सुविधा का प्रकार एवं राशि | बकाया राशि मांग सूचना दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. मैसर्स शावेज कंस्ट्रक्शन, ——— ऋणकर्ता प्रोप. श्री मेहरोज़ हैदर, पताः 860/11 अंबा विहार कॉलोनी, मुज़फ़्फ़रनगर, यूपी<br>2. श्री मेहरोज़ हैदर ——— ऋणकर्ता पताः 860/11 अंबा विहार कॉलोनी, मुज़फ़्फ़रनगर, यूपी<br>3. श्री मेहरोज़ हैदर ——— गारंटर पताः 860/11 अंबा विहार कॉलोनी, मुज़फ़्फ़रनगर, यूपी<br>4. साइना ज़ैदी ——— गारंटर पताः 860/11 अंबा विहार कॉलोनी, मुज़फ़्फ़रनगर, यूपी | 1. आवासीय मकान के सभी भाग और पार्सल, स्थित मकान संख्या 860/11, लेन संख्या 01, अंबा विहार, दक्षिण खालापार, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर, क्षेत्रफल 585.20 वर्ग मीटर, मालिक श्री महरोज हैदर जैदी और श्रीमती सानिया जैदी, सीमायें:– उत्तरः अली मोहम्मद का मकान, पूर्वः 30 फीट चौड़ा रास्ता, पश्चिमः अंबा एंटरप्राइजेज की संपत्ति, दक्षिणः हारून कॉन्ट्रैक्टर का प्लॉट।<br>उसके साथ संलग्न सभी भवन संरचना और निर्माण और उसके साथ संलग्न सभी फर्नीचर और फिक्स्चर्स सहित।<br>2. स्टॉक और बही ऋणों आदि का दृष्टिबंधक। | कैश क्रेडिट रुपये 3,00,00,000.00 (तीन करोड़ रुपये केवल) खाता संख्या 60443053927<br>एन पी ए दिनांकः 27.08.2025 | दिनांक 28.08.2025 को वर्तमान बकाया राशि लेजर बैलेंस रु. 2,99,99,543.22 प्लस अप्रयुक्त ब्याज रु. 7,27,478.00 कुल बकाया रु. 3,07,27,021.22/– प्लस अप्रयुक्त ब्याज @ 13.05% दिनांक 28.08.2025<br>कुल योग–3,07,27,021.22 +देय दर से अप्रभारित ब्याज एवं पेनल ब्याज + दिनांक 28/08/2025 से अन्य खर्चे<br>मांग सूचना की तिथि 28.08.2025 |

उपरोक्त ऋणी / जमानतदारों यदि 60 दिवस के अन्दर **बैंक ऑफ महाराष्ट्र** का बकाया चुकाने में असफल रहते हैं तो उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के प्रावधानों के तहत तभी या किसी एक या अधिक रक्षित आस्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही, उधारकर्ता की रक्षित आस्तियों को कब्जे में लेने तथा उनका विक्रय करने की कार्यवाही करेगी। इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय का लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं। विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु बैंक की **संबंधित शाखा** से संपर्क करें।

दिनांक– 30.08.2025 प्राधिकृत अधिकारी



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## प्रधानमन्त्री की चीन यात्रा और अमेरिका

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी जापान यात्रा सम्पन्न करके चीन पहुंच गए हैं। प्रधानमन्त्री मोदी के चीन दौरे से चीन में उत्साह है। कल भारत स्थित चीनी दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है और लिखा है कि भारत और चीन की कला, आस्था और संस्कृतियां साझा रही हैं। भारत स्थित चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने ट्वीट किया, चीन के तांग राजवंश और मोगाओ गुफाओं में भगवान गणेश की छवि देखी जा सकती है। यह इस बात का सबूत है कि कैसे सदियों पहले चीन और भारत कला, आस्था और संस्कृति को साझा करते थे। चीन पहुंचने के बाद प्रधानमन्त्री मोदी ने एक एक्स पोस्ट में कहा कि वह तियानजिन पहुंच गए हैं और अब एससीओ समिट की बैठकों और अलग-अलग देशों के नेताओं से मुलाकात का इंतजार कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी प्रेस रिलीज के मुताबिक, प्रधानमन्त्री मोदी समिट के दौरान कई देशों के नेताओं से द्विपक्षीय मुलाकात करेंगे। भारत 2017 से शंघाई सहयोग संगठन का सदस्य है। प्रधानमन्त्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की पिछली मुलाकात पिछले साल अक्तूबर में रूस में हुई थी। 2018 के बाद यह प्रधानमन्त्री मोदी का पहला चीन दौरा है। लगभग सात साल बाद मोदी चीन की यात्रा पर पहुंचे हैं। चीन भारत का दूसरा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है। चीन स्थित भारतीय दूतावास ने भी कहा है कि भारत और चीन के बीच संपर्कों के लिखित रिकॉर्ड कम से कम दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व के मौजूद हैं, जो आगे चलकर बौद्ध धर्म और व्यापार के माध्यम से और मजबूत हुए। पीएम मोदी की आगामी यात्रा न केवल समकालीन मुद्दों पर चर्चा का अवसर देगी, बल्कि दोनों देशों की साझा विरासत को फिर से जीवंत करने का भी मौका प्रदान करेगी। चीन में कई ऐतिहासिक स्थल भारत के साथ सांस्कृतिक जुड़ाव के प्रमाण हैं। चीन के गांसु प्रांत के दुनहुआंग में मोगाओ और हजार बुद्ध गुफाएं, जो 366 ईस्वी से 10वीं शताब्दी तक बनीं, भारतीय बौद्ध कला की याद दिलाती हैं। शिनजियांग की बेजेक्लिक और किजिल गुफाएं, लुयांग की लोंगमेन गुफाएं, दात्सु की बाओदिंग गुफाएं और दातोंग की युंगांग गुफाओं में भी भारतीय प्रभाव दिखता है। बीजिंग का फाइव पगोडा मंदिर, बोधगया मंदिर की शैली में बना है, और लुयांग का व्हाइट हॉर्स मंदिर, दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक जुड़ाव का प्रतीक हैं। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की चीन यात्रा महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर विवाद जारी है और भारत और चीन अपने संबंधों को सुधारने की पहल कर रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि सांस्कृतिक कूटनीति दोनों देशों के बीच विश्वास और सहयोग का महत्वपूर्ण आधार हैं। अमेरिका में ट्रम्प की टैरिफ नीति की अमेरिका ही में आलोचना हो रही है। अमेरिका के बुद्धिजीवी, पत्रकार, अर्थशास्त्री इस टैरिफ नीति की आलोचना कर रहे हैं। अब अमेरिका की अदालत ने भी इस टैरिफ नीति को गलत कहा है। अमेरिका की एक अपीलीय अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से लगाए गए अधिकांश टैरिफ को अवैध ठहराने से जुड़ा फैसला सुनाया है। इससे एक कानूनी टकराव की स्थिति बन गई है, जो ट्रम्प की विदेश नीति पर असर डाल सकती है। अदालत का यह फैसला ट्रम्प के 'रेसिप्रोकल' टैरिफ को प्रभावित करता है, जो दुनिया भर के अधिकांश देशों पर लगाए गए थे। साथ ही चीन, मेक्सिको और कनाडा पर लगाए गए अन्य टैरिफ पर भी ये फैसला लागू होता है। 7-4 के बहुमत से दिए फैसले में, अमेरिकी फेडरल सर्किट की अपीलीय अदालत ने ट्रम्प के इस तर्क को खारिज कर दिया कि ये टैरिफ एक आपातकालीन आर्थिक शक्तियों से जुड़े अधिनियम के तहत वैध थे। कोर्ट ने टैरिफ को 'कानून के खिलाफ और अमान्य' बताया।यह फैसला 14 अक्तूबर तक प्रभावी नहीं होगा, ताकि ट्रम्प प्रशासन को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले को लेकर अपील करने का वक्त मिले। ट्रम्प ने अपीलीय अदालत और उसके फैसले की आलोचना 'ट्रुथ सोशल' पर की और कहा,अगर यह फैसला बरकरार रहा, तो यह अमेरिका को सचमुच तबाह कर देगा। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा,आज एक अत्यधिक पक्षपाती अपीलीय अदालत ने गलत तरीके से कहा कि हमारे टैरिफ हटा दिए जाने चाहिए, लेकिन वे जानते हैं कि अंत में अमेरिका ही जीतेगा। अगर ये टैरिफ कभी हटा दिए गए, तो यह देश के लिए एक पूर्ण आपदा होगी। इससे हम आर्थिक रूप से कमजोर हो जाएंगे, जबकि हमें मजबूत रहना है। ट्रम्प ने इन टैरिफ को अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियाँ अधिनियम के तहत उचित ठहराया था, जो राष्ट्रपति को 'असामान्य और असाधारण' खतरों के खिलाफ कार्रवाई करने की शक्ति देता है। ट्रम्प ने व्यापार को लेकर राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा यह तर्क देते हुए की थी कि व्यापार में असंतुलन अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हानिकारक है, लेकिन अदालत ने फैसला दिया कि टैरिफ लगाना राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता और शुल्क निर्धारित करना 'संसद की मूल शक्ति' है। ये मुकदमे अप्रैल में ट्रम्प के एग्जीक्यूटिव आदेशों के बाद दायर किए गए थे। इन आदेशों के जरिए लगभग हर देश पर 10 प्रतिशत का बेसलाइन टैरिफ और दर्जनों देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया गया था। ट्रम्प ने इस दिन को अनुचित व्यापार नीतियों से अमेरिका की आजादी का दिन करार दिया था। मई में न्यूयॉर्क स्थित इंटरनेशनल ट्रेड कोर्ट ने इन टैरिफ को अवैध घोषित किया था, लेकिन अपील की प्रक्रिया की वजह से फैसला रोक दिया गया था। इन टैरिफ के साथ ही अपने फैसले में अपीलीय अदालत ने कनाडा, मैक्सिको और चीन पर लगाए गए वे टैरिफ भी रद्द कर दिए, जिन्हें ट्रम्प ने ड्रग्स के आयात को रोकने के लिए जरूरी बताया था। हालांकि यह निर्णय उन टैरिफ पर लागू नहीं होता, जो स्टील और एल्युमीनियम पर लगाए गए थे, क्योंकि वे राष्ट्रपति को मिले दूसरे अधिकारों के तहत लगाए गए थे। फैसले से पहले, व्हाइट हाउस के वकीलों ने चेतावनी दी थी कि अगर इन टैरिफ को अमान्य करार दिया गया, तो यह साल 1929 में शेयर बाजार की तबाही और महामंदी जैसी आर्थिक तबाही ला सकता है। वकीलों ने एक पत्र में लिखा कि आईईईपीए के तहत राष्ट्रपति की टैरिफ से जुड़ी शक्तियों को अचानक रद्द कर देना हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति और अर्थव्यवस्था के लिए विनाशकारी परिणाम ला सकता है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'जिन्दगी' 'बकवास' 'सियासत' 'धब्बा'

जिन्दगी बकवास है, नेतागिरी का शौक है,
गुण कोई इनमें नहीं है, ऐब हैं बस्ती का यें।
यें सियासत पर हैं धब्बा, अक़्ल से पैदल भी हैं,
कोढ़ हैं यें हिन्द का और बोझ हैं धरती का यें।

# श्री सिद्धि विनायक गणेश जन्मोत्सव की बड़ी धर्मशाला में रही धूम





मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। जनपद में मां पार्वती नंदन, सिद्धि विनायक गणेश जन्मोत्सव बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा हैं। इस कड़ी में मुजफ्फरनगर के नई मंडी क्षेत्र बड़ी धर्मशाला में श्री सिद्धि विनायक श्री गणेश जन्मोत्सव समिति द्वारा 19वाँ श्री सिद्धि विनायक गणेश जन्मोत्सव भक्तिभाव से मनाया जा रहा है। शनिवार को इसी क्रम में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं। पौराणिक मान्यता के बीच, मां पार्वती ने भगवान गणेश को अपने शरीर की दिव्य मिट्टी से उत्पन्न किया था। उन्होंने बाल्य काल में उन्हें द्वारपाल बनाकर के बाहर खड़ा कर दिया और वे स्वयं स्नान के लिए चली गईं। उसी वक्त भगवान शिव वहां पर पधारे, लेकिन गणेश जी ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। यह देखकर भगवान शिव क्रोधित हो गए और उन्होंने गणेश जी का सिर धड़ से अलग कर दिया। इस बात का जब माता पार्वती को ज्ञान हुआ तो वे व्याकुल हो गई और उन्होंने प्रलय लाने की चेतावनी दी। मां पार्वती की गंभीर नाराजगी को शांत करने के लिए भगवान शिव ने श्री गणेश जी को पुनर्जीवित करने का निर्णय लिया। उन्होंने अपने गणों को आदेश दिया कि वे उत्तर दिशा की ओर जाकर सबसे पहले जो भी प्राणी मिले उसी का सिर लेकर आएं, जो सो रहा हो या जिसकी मां अपनी पीठ उसकी ओर किए हुए हो। ऐसा ही एक हाथी मिला और उसका सिर लाकर भगवान शिव ने गणेशजी के धड़ से जोड़ दिया। इस प्रकार गणेश जी को पुनर्जीवन प्राप्त हुआ और वे गज मुख या गजानन कहलाए। तभी से उन्हें "प्रथम पूज्य" होने का आशीर्वाद भी मिला और यह दिन अत्यंत शुभ माना गया। शनिवार को बड़ी धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मनीष कपूर मीनू पेपर मिल वाले, रेणुपाल तेल वाले, गिरिराज माहेश्वरी, शोभित गुप्ता, मिहिका गुप्ता सभासद, पूर्व सीओ बले सिंह, सुलेख मित्तल, पवन अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, संदीप मित्तल, डॉ. कामिनी सिंघल रहे। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने दिव्य कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस दौरान सिद्धि विनायक गणेश जन्मोत्सव समिति से जुड़े संजय गर्ग, रामपाल तायल, पंकज सिंघल, अंकित गर्ग, समकित जैन, नितिन गर्ग, देशपाल, सुनील अग्रवाल, देवेंद्र बंसल, गौरव गुप्ता, विपिन पाल, पवन कुमार, सतीश, दिनेश पाल, संजय अग्रवाल, सतेंद्र मित्तल, अंकुर अग्रवाल, अमित सीए, विजय सैनी व मंच संचालक भारत भूषण अरोड़ा ने किया।

# जिले में नकली दवा कारोबार से दूर रहने की दी सलाह

## - मुजफ्फरनगर केमिस्ट-ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक संपन्न



मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। नकली दवाओं का अड्डा बने शहर के दवा बाजार जिला परिषद में गोयल डिस्ट्रीब्यूटर पर मुजफ्फरनगर केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन की कार्यकारिणी की एक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में हाल ही में आगरा एवं लखनऊ जैसी बड़ी दवा मंडियों में नकली दवाइयां पकड़े जाने के संबंध में रोष व्यक्त किया गया। संगठन जिला अध्यक्ष सुभाष चौहान ने कहा कि निजी स्वार्थों के लिए नकली दवाइयों का काम करने वाले मात्र 2 प्रतिशत व्यापारियों की वजह से पूरे देश का व्यापारी बदनाम होता है, यह अत्यंत निंदनीय है। ऐसे नकली दवाइयों का व्यापार करने वाले मात्र चुनिंदा लोगों का सभी दवा व्यापारियों को मिलकर बहिष्कार करना चाहिए।उन्होंने सभी दवा व्यापारियों से आग्रह किया कि वह दवाइयों का लेनदेन सिर्फ कंप्लीट बिल के माध्यम से ही करें एवं उसका भुगतान आरटीजीएस के माध्यम से करें। इसके साथ उन्होंने कहा कि यदि इन नकली दवाइयों को बेचने वालों के चक्कर में किसी निर्दोष व्यापारी को प्रशासन द्वारा परेशान करने की कोशिश की गई तो संगठन मजबूती से इसका मुंह तोड़ जवाब देगा। अपने किसी भी निर्दोष दवा व्यापारी का शोषण हमारा संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा। इस बैठक में संगठन के चेयरमैन प्रमोद मित्तल ने कहा कि आम नागरिक को भी ऐसे में असुविधा से बचने की खातिर दवाइयां अपने नजदीकी मेडिकल स्टोर या लाइसेंसधारी मेडिकल स्टोर से ही लेनी चाहिए। संगठन की इस बैठक में डॉ. आरके गुप्ता, सुधीर माटरुजा, मुकेश सोम, मनोज गर्ग, दिव्य प्रताप सोलंकी, सतीश तायल, पंकज तनेजा, सुबोध गोयल, सचिन त्यागी, मुकेश शर्मा, अतिशय गोयल आदि दवा व्यापारी मौजूद रहे।

# दशलक्षण के तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म की हुई पूजा-अर्चना



मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। बीते 28 सितम्बर से शुरू जैन धर्म के दशलक्षण पर्व की श्रृंखला में शनिवार को तीसरे दिन श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना एवं नगर के समस्त जैन मंदिरों में उत्तम आर्जव धर्म की पूजा की गई। जैन शास्त्रों के अनुसार मनुष्य जीवन में सरलता आना और ऋजुता के भाव होना ही उत्तम आर्जव है। आत्मा का स्वभाव ही सरल स्वभाव है। इस लिए हर प्राणी को सरल स्वभाव रखना चाहिए। उत्तम आर्जव हमें यह भी बताता है कि हमें किसी के भी साथ छल कपट नहीं करना चाहिए। हमें दूसरों के प्रति हमेशा ईमानदार रहना चाहिए। वहीं नगर के जैन नगर मौ. कृष्णापुरी मंदिर में श्रावकों द्वारा प्रातःकाल की बेला में सर्व प्रथम श्रीजी का नित्य नियम पूजन, अभिषेक व शांतिधारा के बाद मूलनायक भगवान महावीर जी स्वामी पूजन, नव देवता पूजन, पंच परमेष्ठी पूजन, सोलह कारण पूजन, पंचमेरू, दशलक्षण पूजन, स्वयंभू स्त्रोत के पश्चात भगवान की महाआरती की गई। पूजन करने वालों में अजय जैन, नवीन जैन, रोहित जैन (अप्पू), आशीष जैन, विपिन जैन, स्वदेश जैन, विवेक जैन, पारस जैन, अमित जैन, अनुज जैन, गर्वित जैन आदि का सहयोग रहा। इसी के साथ नगर के प्रेमपुरी, अबूपुरा, जैन मिलन, नई मंडी, मुनीम कॉलोनी, महावीर चौक, अम्बा विहार, रेनबो विहार, सुरेंद्र नगर, पारस एनक्लेव, द्वारका सिटी आदि जैन मंदिरों में भी उत्तम आर्जव धर्म की पूजा भक्ति भाव से की गई।



## प्राकृतिक आपदा में मृतकों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। उत्तराखंड के धराली एवं श्री वैष्णो देवी जम्मू कश्मीर में आई प्राकृतिक आपदा में मृतकों को शनिवार में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से शिवचौक स्थित तुलसी पार्क में युवा कमेटी ने मोमबत्ती जलाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा। व्यापार मंडल के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय मित्तल ने कहा कि मां वैष्णो देवी मार्ग पर बीते दिवस जम्मू कश्मीर के भूस्खलन में मुजफ्फरनगर जनपद के कई श्रद्धालुओं की आकस्मिक मृत्यु होने पर जिले को शोकाकुल कर दिया है। उन्होंने कहा कि हमारा व्यापार मंडल सभी श्रद्धालुओं के साथ धराली व जम्मू कश्मीर में प्राकृतिक आपदा के कारण कई नागरिकों की मृत्यु होने पर उनके प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। इस दौरान महेश चौहान, राजेंद्र सिंघल, प्रमोद त्यागी, जयपाल शर्मा, अंशुमन अग्रवाल, नीरज बंसल, डॉ. पुनीत सिंघल, डॉ. नितिन जैन, लवी गोयल, संजीव जिंदल, धारा सिंह पाल, नरेश अरोड़ा, मनोज शर्मा, प्रवीन धीमान, मनोज पुंडीर, संभव जैन, अविरल मित्तल, अमित गर्ग, महमूद आलम, राजेश खन्ना, शहजाद, अमित कुमार, गोपाल कंसल, ऋषभ जैन, नितेश वर्मा, मनोज मलिक, अभिषेक, कीमती लाल, लोकेश, विकास मोहन, हरिओम शर्मा, शिशुकांत गर्ग, अमित राय आदि मौजूद रहे।

## चाकू से हमला कर किया घायल

चरथावल, 30 अगस्त (बु.)। ग्राम चौकड़ा में मारपीट की सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों पर सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए जान से मारने की नीयत से एक आरोपित ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में होमगार्ड घायल हो गया। आरोपित को पकड़ने की कोशिश की तो आरोपित जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। चरथावल थाने में कार्यरत होमगार्ड अभिषेक राणा ने दर्ज कराये मुकदमे में बताया कि शुक्रवार की रात्रि करीब साढ़े आठ बजे चौकड़ा निवासी आशु उर्फ छोटू पुत्र कालूराम ने सूचना दी कि उसका बड़ा भाई आसकरण अपनी माता व बहन के साथ मारपीट कर रहा है। सूचना पर सिपाही कार्तिक कुमार व होमगार्ड अभिषेक राणा मौके पर पहुंचे। आरोप है कि आसकरण ने पुलिसकर्मियों को देखते ही चाकू से हमला कर दिया और सरकारी कार्य में बाधा डाली। हमले में होमगार्ड अभिषेक घायल हो गया। पुलिसकर्मियों ने आरोपित को पकड़ने की कोशिश की,तो आरोपित जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। थाना प्रभारी जसवीर सिंह का कहना है कि होमगार्ड की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# युवा भाजपा नेता तरुण मित्तल हुए भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक मनोनीत



मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बुस.)। भारत जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा की संस्तुति पर क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता द्वारा भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ हनुमत मंडल संयोजक तरुण मित्तल को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक मुजफ्फरनगर मनोनीत किया गया। उनकी इस घोषणा पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक सुनील तायल, सह संयोजक ब्रजकिशोर गुप्ता, आशीष तोमर, नई मंडी मंडल संयोजक राजेश साहनी, पिन्ना मंडल संयोजक विनय पवार द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए तरुण मित्तल का माल्यार्पण कर उनको नव दायित्व की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल, संयुक्त व्यापार संघ संघर्ष समिति अध्यक्ष संजय मिश्रा, उप्र उद्योग व्यापार संगठन जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी, अध्यक्ष सर्राफा एसो. पवन वर्मा, जिला युवाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, जिला युवा महामंत्री भूपेंद्र गोयल, संयुक्त व्यापार संघ समिति संयोजक शलभ गुप्ता, जनार्दन विश्वकर्मा, राजकुमार कालरा, विक्की चावला, अरुण प्रताप, सुरेंद्र मित्तल व राजवंश सभा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गर्ग, दीपक मित्तल, व्यापार संगठन जिला उपाध्यक्ष शिवकुमार सिंघल, अनिल सिंघल सहित अनेकों व्यापारियों व गणमान्यों द्वारा नव दायित्व मिलने पर तरुण मित्तल का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की गई। नवनियुक्त जिला सह संयोजक भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ तरुण मित्तल द्वारा कहा गया कि भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा व क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता द्वारा जिला सह संयोजक के रूप में जो नव दायित्व मुझे प्रदान किया है, मैं पूर्ण निष्ठा के साथ उसको निभाऊंगा एवं भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की पूर्ण टीम के साथ व्यापारिक हितों में सदैव संघर्षरत रहते हुए भारतीय जनता पार्टी की जन हितार्थ नीतियों का प्रचार प्रसार करते हुए सदैव भाजपा शीर्ष नेतृत्व के हाथों को मजबूत करने का कार्य करूंगा।

# जिले में माध्यमिक शिक्षकों ने घेरा डीआईओएस कार्यालय



मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ मुजफ्फरनगर इकाई ने डीआईओएस कार्यालय पर धरना देते हुए शक्ति प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने उक्त धरने के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम 22 सूत्रीय मांग पत्र डीआईओएस को सौंपते हुए समस्याओं के निदान कराए जाने की मांग की। शनिवार को डीआईओएस दफ्तर पर धरने पर बैठे शिक्षकों ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक विद्यालयों का राजकीयकरण किए जाने के साथ, शिक्षक एवं कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू करने, भ्रष्टाचार पर रोक के लिए ई-फाइलिंग प्रणाली लागू किए जाने के साथ कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने की मांग की। इसके साथ सेवा सुरक्षा हेतु पूर्व अधिनियम 182 की धारा 21 की पूर्व की भांति लागू किए जाने के साथ जीएफ खातों का रखरखाव ऑन लाइन कराने, व्यायाम एवं संगीत शिक्षकों को प्रवक्ता के पद पर 50% कोटे में पदोन्नति अधिकार दिए जाने एवं विषय विशेषज्ञों की पेंशन व्यवस्था लागू कराए जाने की मांग की। धरने की अध्यक्षता यशपाल सिंह ने की। धरने पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष डॉ. राहुल कुशवाहा, मंत्री समीर चौधरी ने अपने संबोधन में भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त चेतावनी दी और कहा कि शिक्षक अब अपनी मांगों को लेकर आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। धरने पर मुख्य रूप से कपिल त्यागी, सत्येंद्र मलिक, अक्षय कुमार, सत्यकाम तोमर, रमेश, योगेश भंडारी, प्रीतवर्धन, रतन लाल, दीपक गर्ग, अनिल कुमार, अमित शर्मा, अशोक सैनी, तेज पाल सिंह, जितेंद्र मोतला, संजीव पुंडीर, अमृतपाल, शालिनी सिंह, गीता रानी, सुचित्रा सैनी, पूजा द्विवेदी, डॉ. रश्मि चौधरी, अंजलि गर्ग आदि का सराहनीय योगदान रहा।

आवश्यकता है
नये या अनुभवी व्यक्ति
योग्यता : ग्रेजुएट

| जॉब टाईटल :- | जॉब टाईटल :- |
| --- | --- |
| कार्यालय कार्यकारी (स्त्री / पुरुष) | इवेंट/टैन्ट सुपरवाइजर (केवल पुरुष) |
| • M.S. Office की जानकारी | लेबर से काम लेने का कार्य • |
| • हिन्दी व इंग्लिश टाईपिंग | एक्स्ट्रा टाइम में काम करने का इच्छुक • |
| • ई-वे बिल सिस्टम जानकारी | गोदाम व माल का मैनेजमेन्ट • |
| • Corel Draw/Photoshop/Autocad की जानकारी वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता | बेसिक हिन्दी और अंग्रेजी पढ़ना व लिखना • |
| | बेसिक कम्प्यूटर एवं स्मार्टफोन की जानकारी होना • |
| वेतन ₹10,000 से 18,000 | वेतन ₹12,500 से 18,000 |

इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा यहां भेजें:
WhatsApp: 6395546761 | new.a.jain.arpan@gmail.com
अपना बायोडाटा और जिस पद के लिए आप आवेदन कर रहे हैं उसका विवरण शामिल करें, कृपया असंबंधित पूछताछ न भेजें
Gandhi Tent House, Muzaffarnagar



# ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल में भारत को जानो प्रतियोगिता संपन्न

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बुस.)। ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में भारत विकास परिषद द्वारा "भारत को जानो प्रतियोगिता" का सफल आयोजन किया गया। भारत विकास परिषद समृद्धि शाखा के अध्यक्ष राजेश मित्तल, सचिव शरद ऐरन, कोषाध्यक्ष अतुल ऐरन, महिला संयोजिका रूचि गुप्ता, विद्यालय के प्रबंधक विनोद संगल, डायरेक्टर एम.के. गुप्ता, प्रधानाचार्य आजाद वीर, कोर्डिनेटर आशीष त्यागी, विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान के मार्गदर्शन में परीक्षा का आयोजन हुआ। इसमें कक्षा-6 से 12 के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने ज्ञान व प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, संस्कृति के प्रति गर्व, सामान्य ज्ञान का विस्तार, भारत के समृद्ध इतिहास, भूगोल आदि के ज्ञान के बारे में विकसित करती है और छात्रों को भारत के हर पहलू को गहराई से जानने के लिए प्रेरित करती है, जिससे उनका भारतीय ज्ञान बढ़ता है और छात्रों में भारत के प्रति अपनेपन और सम्मान की भावना का विकास करती है।

## नशीला पदार्थ अफीम बरामद किया

शाहपुर, 30 अगस्त (बु.)। थाना पुलिस ने सोरम गेट के पास से एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 586 ग्राम नशीला पदार्थ अफीम बरामद की। थाना पुलिस ने बताया कि पुलिस के ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत की जा रही कार्रवाई के अंतर्गत थाना पुलिस ने बुढ़ाना रोड पर सोरम गेट के पास से चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध को रोककर उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से 586 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ अफीम बरामद हुई। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर थाने ले आई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई कर उसका चालान कर दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध वर्ष 2016 में चंडीगढ़ के थाना सेक्टर-34 में तथा वर्ष 2022 में थाना जीआरपी अंबाला कैंट में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि बाजार में बरामद अवैध नशीले पदार्थ अफीम की कीमत करीब पांच लाख रुपये है।

# मुरादाबाद व गाजियाबाद के युवाओं ने अग्निवीर बनने को खूब बहाया मैदान में पसीना

## - आज हापुड़ व मेरठ सरधना तहसील के युवाओं को मौका





मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। भारतीय सेना की अग्निपथ योजना के अन्तर्गत जनरल ड्यूटी समेत अन्य सेवाओं के लिए शुरू भर्ती प्रक्रिया शुक्रवार सुबह नई ऊर्जा के बीच तय कार्यक्रम के तहत मुरादाबाद एवं गाजियाबाद जिले के करीब 1061 युवाओं को ग्राउंड में दौड़ने के साथ भर्ती का मौका मिला। इससे पूर्व मध्य रात्रि के बाद प्रवेश पत्रों की जांच के बाद भर्ती रैली में आए युवाओं को मैदान में प्रवेश दिलाया गया। भारतीय थल सेना भर्ती मेरठ कार्यालय द्वारा मेरठ रोड स्थित नुमाइश ग्राउंड एवं चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में बीते 22 अगस्त से वेस्ट यूपी के 13 जिलों के 54 तहसीलों के 17 हजार अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के बाद भर्ती रैली में दौड़ समेत अन्य शारीरिक परीक्षाओं से गुजरने का मौका दिया गया है। शुक्रवार देर सायं भर्ती प्रक्रिया के बीच में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच में शुरू अग्रिवीर भर्ती रैली में सैन्य अफसरों के साथ स्थानीय पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी कंधे से कंधा मिलाकर भर्ती प्रक्रिया को निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए जुटे हैं। शुक्रवार में भारतीय थल सेना भर्ती मेरठ कार्यालय द्वारा नुमाइश कैंप एवं चौ. चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में मुरादाबाद के साथ गाजियाबाद जनपद के करीब 1061 अभ्यर्थियों को दौड़ समेत विभिन्न परीक्षाओं से गुजरने का मौका मिला। शनिवार दोपहर के बाद सेना अफसरों की जांच में इस बीच अनफिट रहे युवा भर्ती स्थल से बाहर आने प्रारंभ हो गए। शनिवार देर सायं मेरठ रोड भर्ती स्थल के आसपास अग्रिवीर भर्ती रैली में रविवार 31 अगस्त को हापुड़ एवं मेरठ जनपद के 1062 युवाओं को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का बेहतर मौका मिलेगा, जिन्होंने शनिवार देर सायं मेरठ रोड भर्ती स्थल पर पहुंचना शुरू कर दिया। अग्रिवीर सामान्य ड्यूटी भर्ती रैली के अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ते कदमों के बीच एक सितम्बर को मेरठ की मवाना व मेरठ सदर तहसील और आगामी दो सितम्बर को जनपद मुजफ्फरनगर की सदर, बुढ़ाना, जानसठ के साथ खतौली तहसीलों के युवाओं को अग्रिवीर भर्ती रैली के माध्यम से जवान बनने का मौका 2 सितम्बर को मिलेगा।

# पांच किसानों के नलकूपों के ताले तोड़कर चोरी



चरथावल, 30 अगस्त (बु.)। ग्राम कान्हाहेड़ी व गुनियाजुड़ी के जंगल से रात्रि में पांच किसानों के नलकूपों के ताले तोड़कर बदमाशों ने हजारों रुपये के विद्युत केबिल, कटआउट, स्टार्टर चोरी कर लिये है, जबकि कुछ उपकरणों को तोड़कर नष्ट कर दिया। भाकियू नेता विकास शर्मा व किसानों ने आये दिन नलकूपों से हो रही चोरी की घटनाओं पर रोष व्यक्त किया है। चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम कान्हाहेड़ी निवासी किसान पूरन चंद शर्मा, संजय कुमार, सुरेन्द्र कुमार व गुनियाजुड़ी निवासी भोपाल, रमेश कुमार आदि के जंगल में स्थित नलकूपों के दरवाजों पर लगे ताले तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने केबिल, स्टार्टर व अन्य बिजली के उपकरण चोरी कर लिये। वहीं ग्राम प्रधान संजय सैनी के नलकूप पर भी चोरी का प्रयास किया गया, परन्तु कई ताले होने के कारण चोर चोरी करने में विफल रहे। किसानों को नलकूप से चोरी की जानकारी सोमवार को उस समय हुई, जब वह पशुओं के लिए शनिवार को चारा लेने जंगल में पहुंचे। किसानों के नलकूपों पर चोरी की सूचना पर भाकियू नेता विकास शर्मा मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की गयी। थाना प्रभारी जसवीर सिंह का कहना है कि चोरी की घटना का शीघ्र राजफाश कर दिया जायेगा।

# पीआर पब्लिक में मासिक जीके ओलंपियाड के विजेता पुरस्कृत




मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। पचेंडा रोड स्थित पीआर पब्लिक स्कूल में आयोजित किए जाने वाले मासिक जीके ओलंपियाड के जुलाई माह के विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया गया। प्रतियोगिता को चार वर्गों कक्षा 1 से 2, कक्षा 3 से 5, कक्षा 6 से 8 व कक्षा 9 से 12वीं में बांटा गया। सभी विजेता विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य अनघ सिंघल व प्रबंधक अशोक सिंघल ने पुरस्कृत किया। इस माह के विजेता विद्यार्थियों में आरव सैनी, अब्दुल रहीम, अवनी सिंह, अजहर, समृद्धि, वरुण कुमार, मैत्री, शिवांश, आदिल, उत्कर्ष गोयल, शगुन चौधरी, अनु, आयुष राठी, दीप्ति, अवनी गर्ग, स्नेहा बोहरा, निकुंज आदि शामिल है। प्रधानाचार्य अनघ सिंघल ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को उनके इस प्रयास के लिए शुभकामनाएं दी तथा उनका उत्साहवर्धन किया तथा अन्य बच्चों को भी जीके ओलंपियाड में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्रबंधक अशोक सिंघल ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से विद्यार्थियों को अपने सामान्य ज्ञान, तार्किक सोच और विश्लेषणात्मक कौशल को बेहतर बनाने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम को संपन्न कराने में दिव्या शर्मा, बीना वत्स, निशु चौधरी, शंकर शर्मा,अनुपम सैनी, चेतना मल्हान, प्रशांत त्यागी, शिखा ठाकुर आदि का विशेष योगदान रहा।

# गोल्डन पब्लिक स्कूल में भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन



मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बुस.)। गोल्डन पब्लिक स्कूल में "भारत को जानो" प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारत के इतिहास, संस्कृति, भूगोल, स्वतंत्रता संग्राम, वैज्ञानिक उपलब्धियों एवं महान विभूतियों के बारे में ज्ञानवर्धन करना था। प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने भारत से जुड़े विविध प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी प्रतिभा और ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम वर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों को अपने देश के गौरवशाली इतिहास और परंपराओं से जोड़ने में सहायक होती हैं।

# रुकने का नाम नहीं ले रहे सोना-चांदी का दाम, 24 घंटे में सोना 4450 रुपए बढ़ा

## साल 2014 के मुकाबले 30 अगस्त तक सोने का रेट में 79,044 रुपए की हुई बढ़ोतरी




**मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)।** वैसे तो सरकार की इच्छा है कि भारत में जल्द से जल्द बुलेट ट्रेन लाई जाये। बुलेट ट्रेन के लिये कहा जाता है कि वो गोली से भी ज्यादा रफ्तार से भागती है। इस समय देश में ट्रेन तो नहीं भाग रही है, लेकिन देश में सोना चांदी के दाम बुलेट की स्पीड से ज्यादा भाग रहे हैं। हमने अपनी पहले की खबर में भी बताया था कि सोना और चांदी ने आम जनता का हाल बेहाल कर रखा है। इस समय देखा जाये तो सोना खरीदना मध्य वर्गीय परिवारों के बस का भी नहीं बचा है। हम सोने के दामों को बुलेट ट्रेन की तरह भागना क्यों कह रहे हैं, यह समझना आपके लिये बहुत जरूरी है। आपको बता दें कि 29 अगस्त को सोने का 24 कैरेट सोने का भाव 1,02,600 रुपये था, जो कि 30 अगस्त आतेआते 1,07,50 तक पहुंच गया यानि 29 अगस्त के मुकाबले 30 अगस्त को 4450 रुपए का इजाफा हुआ है। वहीं अगर बात चांदी की करें तो यह भी सोने के साथ पूरी रेस लगा रही है। चांदी का 29 अगस्त को चांदी का भाव 1,20,925/- आंका गया था जो कि 30 अगस्त को 1,24,300 रुपए आंका गया। अगर आप 29 अगस्त के मुकाबले 30 अगस्त को देखें तो चांदी का दाम में 3375 रुपए की वृद्धि हुई है। मतलब 24 घंटे में रेटों में इस तरह से बढ़ोतरी होना बताता है कि आज तक सभी रिकॉर्ड धराशायी हो गये हैं। ऐसे में आम जनता के लिये यह कितना बड़ा झटका है आप खुद समझ सकते हैं कि इस समय जिस गति से यह सोने और चांदी के रेट भाग रहे हैं। उन्होंने कई साल के रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं। आपको जनना जरूरी है कि 2014 में केंद्र सरकार सत्ता में आई थी तो सोने का भाव 28,006 रुपए था, तो अगर आज के रेटों के मुकाबले देखें, तो 11 साल में सोने के भाव में 79,044 रुपए बढ़ोतरी हुआ है। वहीं दूसरी तरफ चांदी का हाल भी यही है। साल 2014 में भारत में एक किलोग्राम चांदी का औसत रेट लगभग ₹43,070 थी जो कि साल 2025 आते-आते 124300 रुपए हो गई है। यानी 11 साल में 81230 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। अगर यूं ही दामों में इस तरह बढ़ोतरी होती रही तो आने वाले दिन मध्यम वर्गीय परिवारों के लिये काफी परेशानी भरे हो सकते हैं। क्योंकि अब त्योहारों के सीजन आने वाले हैं। शादियों का दौर भी चलने वाला है। ऐसे में माता-पिता जो बेटियों को अच्छे खासे आभूषण देने की चाह केवल स्वप्न में ही रह जाएगी। इस विषय में सोने-चांदी के भावों पर नजर रखने वाले अरूण वे मुजफ्फरनगर बुलेटिन ने बातचीत की, तो उन्होंने बताया जिस तरह से विश्व में अशांति चल रही है। पहले से रूस और यूक्रेन युद्ध चल रहा है। दूसरी तरफ इजरायल भी कई देशों के साथ युद्ध में उलझा हुआ है। ऐसे जब तक विश्व में शांति स्थापित नहीं होगी, तब तक सोने-चांदी के भाव में ऐसे ही अस्थिरता बनी रहेगी।

## आसाराम ने जोधपुर जेल में सरेंडर किया, रेप केस में उम्रकैद की काट रहे हैं सजा

**जोधपुर, 30 अगस्त (एजेंसी)।** नाबालिग से रेप के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम ने शनिवार, 30 अगस्त को जोधपुर सेंट्रल जेल में सरेंडर कर दिया है। राजस्थान हाईकोर्ट ने 27 अगस्त को उसकी अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद उसे यह कदम उठाना पड़ा। आसाराम को जनवरी 2025 में पहली बार 12 साल बाद अंतरिम जमानत मिली थी। उसने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जमानत मांगी थी। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा कि मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, आसाराम की तबीयत स्थिर है और उसे अस्पताल में भर्ती होने या लगातार चिकित्सा देखभाल की जरूरत नहीं है। अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल के मेडिकल बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि आसाराम ने पिछले कुछ महीनों में इलाज के लिए कई यात्राएं की हैं और विभिन्न शहरों के अस्पतालों में सलाह ली है, लेकिन किसी भी अस्पताल में नियमित फॉलोअप नहीं कराया है। कोर्ट ने आसाराम के वकील की उस दलील को भी खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने एम्स जोधपुर की रिपोर्ट का हवाला देते हुए स्वास्थ्य में गिरावट की बात कही थी। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ ने फैसले में कहा था कि मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार आसाराम की तबीयत स्थिर है। उसे हॉस्पिटल में भर्ती होने या लगातार चिकित्सा देखभाल की जरूरत नहीं है। आसाराम को जनवरी 2025 में 12 साल के बाद पहली बार जमानत मिली थी।



अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल में मेडिकल बोर्ड की ओर से दी गई रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए स्पष्ट किया कि आसाराम ने पिछले 3-4 महीनों में इलाज के लिए कई यात्राएं कीं हैं। उसने कई शहरों में अलग-अलग हॉस्पिटल में इलाज भी कराया है, लेकिन किसी भी हॉस्पिटल में नियमित फॉलोअप नहीं कराया है। 27 अगस्त की सुनवाई में आसाराम के वकील निशांत बोड़ा ने कहा था कि- 21 अगस्त को आसाराम को एम्स जोधपुर ले जाया गया था। वहां के डॉक्टरों ने उनकी बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति के बारे में एक रिपोर्ट दी है। हालांकि, कोर्ट ने इस दलील को स्वीकार नहीं किया।

## प्लॉट बेचने के नाम पर वसुंधरा रेजीडेंसी में पिता-पुत्र ने 25 लाख रुपये ठगे

**मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)।** नई मंडी थाना क्षेत्र के गांव पचैंडा कलां के रहने वाले कंवरपाल ने बताया कि निकेत बालियान नाम का व्यक्ति उसका परिचित था। निकेत बालियान टॉवर लगाने का काम करता है। आरोपी ने मोबाइल टॉवर का काम करने के लिए साढे पांच लाख रुपए कंवरपाल से उधार लिए थे। जब पैसा वापस मांगा गया तो निकेत और उसके पिता ने वसुंधरा रेजीडेंसी में कंवरपाल को प्लॉट देने के झांसे में फंसा लिया। 65 लाख रुपए में एक प्लॉट का सौदा कराया गया, जिसमें पेशगी के रूप में 45 लाख रुपए का ऑनलाइन भुगतान किया गया। समय सीमा के अनुसार बाकी के 20 लाख रुपए बैनामा के समय देने की बात हुई। मगर बैनामे का समय आने पर पिता पुत्र ने मिलकर आनाकानी शुरू कर दी और रकम वापस मांगने पर रकम नहीं लौटाई गयी। पीड़ित ने मामले की शिकायत एसएसपी से की, जिसकी जांच सीओ मंडी को सौंपी गयी। जांच के आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

## जम्मू-कश्मीर में कुदरत का कहर, रामबन में फटा बादल और रियासी में भूस्खलन, 12 लोगों की मौत

### कई लोगों के लापता होने की आशंका, रेस्क्यू अभियान जारी

**रामबन, 30 अगस्त (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के रियासी और रामबन में कुदरत ने कहर बरपाया है। शनिवार को भूस्खलन और बादल फटने से बड़ा हादसा हुआ है। दोनों हादसे में कुल 12 लोगों की मौत हो गई। रामबन में बादल फटने से 5 लोगों की जान चली गई, वहीं, रियासी में भूस्खलन से एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। रियासी में भारी बारिश के चलते भूस्खलन होने से कच्चा मकान गिर गया। जिसमें पति, पत्नी और 5 बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गई। मलबे में दबने से एक ही परिवार के सभी सदस्यों की जान चली गई। मृतकों की पहचान नजीर अहमद व उसकी पत्नी वजीरा बेगम के रूप में हुई है। बिलाल अहमद पुत्र नजीर अहमद, 13 वर्ष, मोहम्मद मुस्तफा पुत्र नजीर अहमद, 11 वर्ष, मोहम्मद आदिल पुत्र नजीर अहमद, 8 वर्ष, मोहम्मद मुबारक पुत्र नजीर अहमद, 6 वर्ष और मोहम्मद वसीम पुत्र नजीर अहमद, 5 वर्ष के रूप में हुई है। रामबन में बादल फटने से



पांच लोगों की मौत हो गई और 5 लोग लापता हैं। लापता लोगों की तलाशी जारी है। ओमराज, विद्या देवी व द्वारकानाथ के रूप में तीन मृतकों की पहचान हुई है। दो शवों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। राहत-बचाव कार्य जोरों पर चल रहा है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, राहत और बचाव दल को तुरंत प्रभावित क्षेत्र में भेजा गया है और लापता लोगों की तलाश के लिए अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि अब तक चार शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि पांच व्यक्ति अभी भी लापता हैं।

## भाई पर लगाया पुत्री को जबरन ले जाने का आरोप

**खतौली, 30 अगस्त (बु.)।** पीड़ित मां द्वारा अपने भाई पर अपनी पुत्री को जबरदस्ती अपने घर ले जाने की शिकायत करते हुए पुलिस से कार्यवाही की गुहार की है। मिली जानकारी के अनुसार गांव मोहद्दीनपुर निवासी संजीता पत्नी अनिल ने कोतवाली में दी गयी तहरीर में उल्लेख किया कि मेरा भाई कर्ण निवासी गांव अम्बरपुर उसकी पुत्री को जबरदस्ती मेरे पीछे अपने साथ ले गया। पुत्री के जबदरस्ती ले जाने पर जब मैं तथा मेरा पुत्र विशाल अपनी पुत्री को लेने भाई के घर गांव अम्बरपुर गए तो आरोप है कि मेरे भाई मां व लोकेश, सुरेश आदि ने हमें पकड़कर अपने मकान के एक कमरे में बंद करते हुए कहा कि जब तक तू अस्सी हजार रुपये नहीं देगी तब तक तेरी पुत्री हमारे कब्जे में रहेगी। पीड़ित संजीता का आरोप है कि हमारे द्वारा विरोध करने पर मेरे भाई के परिजनों द्वारा उनके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की चेतावनी दी। संजीता ने बताया कि वह व उसका पुत्र, पुत्री किसी प्रकार वहा से उनके कब्जे से अपनी जान बचाकर निकलने में सफल हुए। पीड़ित संजीता पत्नी अनिल ने कोतवाली में दी गयी तहरीर में कानूनी कार्यवाही की गुहार की है।





## बंद कमरा शवों से भरा था, उन्होंने बोला कि ढूंढ लो अपने लोग : पीड़ित

*मुजफ्फरनगर। घटना की जानकारी मिलते ही मुजफ्फरनगर से जम्मू पहुंचे सुमित कुमार जब शव लेकर आए तो पीड़ित परिवार के सुमित कुमार ने बताया कि ?वहां बहुत सारी डेड बॉडी पड़ी थी। बड़ा कमरा था उसी में डेड बॉडी थी। उसी में से सभी लोग अपनो को ढूंढ ढूंढ कर ला रहे थे। हम 2 बजे वहां पहुंचे थे यहां से हम जालंधर गए फिर वहां से हम बस में फिर टेंपो में किसी तरह जाम से झुझते हुए करीब 4:30 घंटे का सफर करके पहुंचे। हम करीब 2 बजे वहां पहुंच गए हमने वहां जाकर हॉस्पिटल में फोन किया तो उन्होंने कहा यहां 9 बजे आना है उससे पहले नहीं आना फिर हम कटरा गए क्योंकि यहां तो 9 बजे कटरा चले गए जो हमारे घायल व्यक्ति थे उनको देखने, फिर वहां से 9 बजे हम लोग यहां आए हमने फिर उनको फोन किया उन्होंने कहा कि कमरे में शव पड़े है इन्हीं में से ढूंढ लो अपनी डेड बॉडी और ले जाओ, अन्य 17 लोग है वो घायल है। वह वहीं पर हैं जिनमें से अभी और पांच लोग गंभीर घायल है।*




## ऑपरेशन कन्विक्शन में आरोपयों को पांच-पांच साल की सजा

**मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)।** बुढाना थाने में वर्ष 2010 में चार आरोपी जयप्रकाश, उसका बेटा विपिन व कपिल उर्फ छोटू व ओमसिंह निवासीगण गांव वैल्ली थाना बुढ़ाना के खिलाफ धारा 308 की रिपोट दर्ज की गयी थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। अभियोजन के अनुसार मामले की सुनवाई एडीजे प्रथम की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए आरोपियों को पांच-पांच साल की सजा सुनाई है। प्रत्येक आरोपी पर साढ़े पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

## 21 सितंबर से 30 नवंबर तक चलाई जाएंगी 150 पूजा स्पेशल ट्रेनें

**नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसी)।** त्योहारों यानि दशहरा, दीपावली और छठ पर्व में देश के महत्वपूर्ण शहरों से उत्तर प्रदेश और बिहार आवागमन करने वाले लोगों के लिए राहत भरी खबर है। यात्रियों की बढ़ती भीड़ और उनकी परेशानियों को देखते हुए रेलवे ने 21 सितंबर से 30 नवंबर तक 150 पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। रेलवे बोर्ड की पहल पर रेलवे प्रशासन ने इन ट्रेनों की अधिसूचना भी जारी कर दी है। यह सभी ट्रेनें कुल 2024 अतिरिक्त फेरे में चलाई जाएंगी। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह के अनुसार भारतीय रेलवे ने यात्रियों की

### रेलवे ने जारी किया विशेष शेड्यूल, 12000 से अधिक ट्रेनों को चलाने की है योजना

सुविधा के लिए हजारों विशेष ट्रेन सेवाओं के संचालन का फैसला लिया है। बिहार जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए ही 12000 से अधिक ट्रेनों को चलाने की योजना बनाई जा चुकी है। योजना बन चुकी है, उनका नोटिफिकेशन भी अब जारी किया जाना प्रारंभ हो चुका है। विशेष रूप से उत्तर भारत, पूर्वी भारत और दक्षिण भारत के बड़े स्टेशनों से चलने वाली इन ट्रेनों से महानगरों और ग्रामीण इलाकों के बीच बेहतर संपर्क सुनिश्चित किया गया है। पूजा स्पेशल इन ट्रेनों की श्रृंखला के तहत दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा सर्वाधिक 48 ट्रेनें चलाई जाएंगी, जो 684 फेरा पूरा करेंगी। इन ट्रेनों का संचालन मुख्यतः हैदराबाद, सिकंदराबाद और विजयवाड़ा जैसे प्रमुख स्टेशनों से किया जाएगा। पूर्व मध्य रेलवे ने 14 ट्रेनें अधिसूचित की हैं, जो पटना, गया, दरभंगा और मुजफ्फरपुर जैसे बिहार के प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेंगी और कुल 588 फेरा में चलाई जाएंगी। पूर्व रेलवे से कोलकाता, सियालदह, हावड़ा जैसे भीड़भाड़ वाले स्टेशनों से 24 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी।

## फिर धंसा ताजा-ताजा विकास, और इस पर लगा दिया मिट्टी से सना भाजपा का झंडा

### चंद दिन पहले ठीक हुआ विकास फिर धंस गया, धंसे हुए विकास पर गर्व का एहसास कराने के लिए गाड़ दिया भाजपा का झंडा

**मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)।** शायद आपको ध्यान हो मीनाक्षी चौक से खालापार की ओर जाने वाला रास्ता तीन दिन के लिए बंद रहा था, क्योंकि एकाएक विकास धंस गया था। बड़ी तेजी के साथ नगर पालिका व अन्य विभागों के ठेकेदारों ने लगकर तीन दिन खर्च करके विकास को उभारा था और सड़क बनाकर दे दी थी। मगर अफसोस कि बात यह है कि इसे बनाए बामुश्किल एक माह भी नहीं हुआ होगा, फिर से एक सड़क का हिस्सा धंसना शुरू हो गया है। उससे भी बड़ी बात यह है कि विकास के धंसने का प्रचार करने के लिए किसी भाजपाई ने मिट्टी से सना झंडा उस पर ठोक दिया है और आते-जाते लोग दोनों बातों की मजाक उड़ाते दिखाई दिए कि क्या भाजपा ऐसे ही विकास कार्य कर रही है और अपनी ही पार्टी के झंडे का अपमान कराने के लिए मिट्टी से सना झंडा किस औचित्य से वहां लगा दिया, अब ये तो पार्टी के आलाधिकारी बताएंगे कि ये विकास क्यों धंस गया और कौन से उद्देश्य से मिट्टी से सना झंडा सड़क के बीचों-बीच लगा दिया गया।





### खबर चलने पर भाजपा का झंडा हटा, विकास पर डाली गई मिट्टी

**मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)।** नगर के मीनाक्षी चौक स्थित जिस गड्ढे को भरने के लिए पालिका ने तेजी से विकास कराते हुए सीवर लाइन की मरम्मत कर उसको व्यवस्थित करने का काम किया। उसी के नजदीक सड़क धंस जाने के बाद वहां पहले तो गड्ढा हो जाने पर भाजपा का झंडा लगा दिया गया और जब बुलेटिन ने इससे सम्बंधित खबर अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर न्यूज को प्रसारित किया, तो उसी गड्ढे पर मिट्टी डालकर खानापूर्ति करते हुए काम को व्यवस्थित करने का काम कर दिया गया।

## धोखाधड़ी के मामले में नवाब उर्फ लविश चोधरी पर ईडी का शिकंजा, करोड़ों की संपत्ति को किया कुर्क

**चंडीगढ़, 30 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के रहने वाले और दुबई से ऑपरेट कर फारेक्स ट्रेडिंग क्यूएफएक्स कंपनी चलाकर करोड़ों के घोटाले के आरोपी नवाब उर्फ लविश और उसके साथियों पर जांच एजेंसी ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। प्रवर्तन निदेशालय ने फारेक्स ट्रेडिंग घोटाले में एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपितों की 9.31करोड़ रुपये की संपत्तियों को अंतरिम रूप से कुर्क कर लिया है। चंडीगढ़ जोनल कार्यालय ने यह कार्रवाई 26 अगस्त को धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 के तहत की है। कुर्क की गई संपत्तियों का संबंध मुख्य आरोपित यूपी के मुजफ्फरनगर के पड़ोसी जनपद शामली के नवाब उर्फ लविश चौधरी जिस पर मंडी के जोगेंद्रनगर उपमंडल के गुम्मा के राजेंद्र कुमार सूद समेत अन्य एजेंटों व उनके स्वजन से बताया जा रहा है। आपको बता दें कि कुर्क की गई संपत्तियों में 45 अचल संपत्तियां झ फ्लैट, प्लॉट और कृषि भूमि– शामिल हैं, जो उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में फैली हुई हैं। इसके अलावा, कई बैंक खातों में जमा राशि भी कुर्क की गई है। जांच में सामने आया कि ये संपत्तियां 2019 से 2025 के बीच घोटाले की अवधि में अपराध की कमाई से खरीदी गई थीं, जिन्हें परिजनों और करीबी सहयोगियों के नाम पर खड़ा किया गया।

## गंगा आरती में शामिल होने काशी पहुंची सारा अली खान, बोलीं- मुझे पसंद है यहां आना



**वाराणसी, 30 अगस्त (एजेंसी)।** फिल्म अभिनेत्री सारा अली खान शनिवार को काशी पहुंचीं। उन्होंने दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में शामिल होकर मां गंगा का पूजन- अर्चन किया। इस अवसर पर अभिनेत्री सारा अली खान ने कहा कि दशाश्वमेध घाट पर होने वाली ये गंगा आरती अपनी भव्यता, घंटियों और ढोल की आवाज और मंत्रों के उच्चारण के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। सारा ने बताया मुझे यहां आना अच्छा लगता है। इस बीच मां गंगा की आरती में शामिल श्रद्धालु अपने बीच सारा अली खान को देख काफी उत्साहित रहे। सारा अली खान अपनी मां अमृता सिंह के साथ कई बार दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में शामिल हो चुकी हैं। उन्होंने मार्च 2020 में भी वाराणसी का दौरा किया था और उस समय मां के साथ घाट पर आरती का आनंद लिया था। गंगा सेवा निधि अध्यक्ष सुशांत मिश्रा, कोषाध्यक्ष आशीष तिवारी, सचिव सुरजीत सिंह, सचिव हनुमान यादव द्वारा अभिनेत्री सारा अली खान का अंगवस्त्र, प्रसाद देकर स्वागत किया गया।

## पड़ोसी ने घर में घुसकर महिलाओं के साथ की बदतमीजी

### ईंटों के पथराव में तीन युवक भी हुए घायल

**बुढ़ाना, 30 अगस्त (बु.)।** दूध डेयरी संचालक को नाली में गोबर न बहाने की बात कहने वाले युवक के घर में घुसकर संचालक ने अपने दबंग पुत्रों के साथ मिलकर युवक व उसके चाचा समेत 3 लोगों को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। डेयरी संचालक ने ईंटों से पथराव भी किया। पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा, लेकिन उसे छोड़ दिया। जिसे लेकर तनाव बना है। मौहल्ला सफीपुर पट्टी लुहसाना रोड केंतवाली मस्जिद निवासी आसिफ पुत्र शमशाद ने बुढ़ाना पुलिस को बताया कि उसका पड़ोसी अनीस उनसे जाति रंजिश रखता है। आज सुबह उनके घर पर अनीस और उसके पुत्रों नौमान, अबरार, जिशान व गुलजार अपने हाथों में लाठी डन्डे व धारदार



हथियार लेकर घर में घुस गये व गाली गलौच कर उसके परिवार के साथ मारपीट शुरू कर दी। औरतों संग बदतमीजी की, जिसमें उसको, उसके चाचा गुलजार पुत्र सगीर और अहसान पुत्र कालू को गंभीर चोटें आई। सभी ने जान से मारने की नीयत से ईंटों से पथराव किया। शोर शराबा होने पर मौहल्ले के लोगों को आया देख पांचों आरोपी सभी को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये। इन आरोपियों पर गौकशी के मामले पूर्व में दर्ज हैं। बुढ़ाना पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा भी, मगर उसे कुछ देर बाद छोड़ दिया। जिसे लेकर तनाव बना है।

## संसद भवन में स्थापित होगा भगवान जगन्नाथ के रथ का चक्र, ओम बिड़ला ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसी)।** अब संसद भवन भी जगन्नाथ महाप्रभु की महिमा से जुड़ने जा रहा है। महाप्रभु के तीन रथों में से एक रथ के पवित्र लकड़ी का चक्र संसद भवन में स्थापित किया जाएगा। श्रीमंदिर प्रशासन के इस प्रस्ताव को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने मंजूरी दे दी है। श्रीमंदिर के मुख्य प्रशासक डॉ. अरविंद पाढ़ी ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताते हुए गहरी कृतज्ञता प्रकट की है। उन्होंने इंटरनेट मीडिया मंच एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि यह कदम देश की आस्था और संस्कृति को संसद से जोड़ने वाला है। यहां उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला स्वयं पुरी पहुंचे और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्रीजगन्नाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किए। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी मौजूद थे। मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। श्रीजगन्नाथ मंदिर में प्रवेश से पूर्व ओम बिड़ला ने अरुण स्तंभ और पतित पावन का दर्शन किया।

## आखिर पहुंच ही गया विश्वकर्मा समाज का विवाद पुलिस के पास





**मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)।** पिछले आठ दिनों से विश्वकर्मा समाज का विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। कभी उत्सव मण्डप में हाथापाई होते-होते बचती है तो कभी समाज के लोग दो नहीं तीन फाड़ होकर एक दूसरे से गाली गलौच करते हैं। पहले तो यह विवाद सिर्फ नरेश विश्वकर्मा और जगदीश पांचाल के बीच माना जा रहा था मगर अब तो यह सारी हदें पार कर चुका है और शनिवार को बीच चौराहे पर समाज के लोगों ने एक दूसरे पर टीका टिप्पणी करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। जब विवाद आवश्यकता से अधिक बढ़ गया तो आखिर वही हुआ जो मुजफ्फरनगर बुलेटिन ने तीन दिन पहले लिख दिया था कि जब तक यह विवाद पुलिस प्रशासन तक नहीं पहुंचेगा तब तक समाज के लोगों को चैन नहीं आएगा। आज जब समाज के लोगों में विरोध बढ़ गया और पुलिस को हंगामा होने की सूचना मिली तो स्वयं सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठोर व सीओ नई मण्डी राजू कुमार साव और नगर कोतवाली की मण्डी पुलिस हंगामे के बीच पहुंची तो बाद में एक स्थान पर बैठकर दोनों पक्षों को सुना गया। विवाद का हल करते हुए समाज की सहमति से शोभायात्रा में जगदीश पांचाल व डॉ. नरेश विश्वकर्मा और बिजेन्द्र धीमान को संरक्षक के रूप में जिम्मेदारी दी गयी। वहीं भोपा रोड स्थित विश्वकर्मा चौक स्थित मंदिर की सेवा प्रदीप धीमान को दी गयी। फिलहाल के लिए तीनों गुटों में सहमति बन गयी और यह भी तय किया गया कि समाज के लिए अध्यक्ष पद का चुनाव शोभा यात्रा के बाद किया जायेगा। अब देखना होगा कि शोभा यात्रा तक यह विवाद थमा रहता है अथवा सड़कों पर आकर समाज के लोग यूं ही गुत्थम गुत्था होते रहेंगे।

## सात साल बाद चीन पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रपति जिनपिंग से होगी बातचीत, दुनिया भर की रहेगी नजर

**बीजिंग, 30 अगस्त (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात साल से ज्यादा के अंतराल के बाद शनिवार को चीन पहुंचे। इस यात्रा पर पूरी दुनिया की नजर है। दुनिया बेहद उत्सुकता से पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात का इंतजार कर रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों की वजह से भारत-अमेरिका सम्बंधों में अचानक आई गिरावट को देखते हुए यह यात्रा और भी महत्वपूर्ण हो गई है। पीएम मोदी मुख्य रूप से 31 अगस्त और 1 सितंबर को शंघाई सहयोग संगठन के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन आए हैं। रविवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी निर्धारित बैठक वाशिंगटन के टैरिफ विवाद के मद्देनजर और भी महत्वपूर्ण हो गई है, जिसका असर दुनियाभर की लगभग सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ा है। इस वार्ता में पीएम मोदी और शी भारत-चीन आर्थिक संबंधों का जायजा लेने और पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद के बाद गंभीर तनाव में आए सम्बंधों को और सामान्य बनाने के लिए कदमों पर विचार-विमर्श करेंगे। प्रधानमंत्री अपनी दो-राष्ट्र यात्रा के दूसरे और अंतिम चरण में जापान से इस चीनी शहर पहुंचे हैं। पीएम मोदी शिखर सम्मेलन से इतर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और कई अन्य नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी कर सकते हैं। तियानजिन की अपनी यात्रा से पहले पीएम मोदी ने कहा कि विश्व आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता लाने के लिए भारत और चीन का मिलकर काम करना जरूरी है। जापान के योमिउरी शिंबुन को दिए एक साक्षात्कार में पीएम मोदी ने कहा कि भारत और चीन के बीच स्थिर पूर्वानुमानित और सौहार्दपूर्ण द्विपक्षीय संबंध क्षेत्रीय और वैश्विक शांति एवं समृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। इससे पहले शुक्रवार को प्रकाशित साक्षात्कार में पीएम मोदी ने कहा, 'विश्व अर्थव्यवस्था में



मौजूदा अस्थिरता को देखते हुए दो प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के रूप में भारत और चीन के लिए विश्व आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता लाने के लिए मिलकर काम करना भी जरूरी है।'

## राहुल और तेजस्वी की वोटर अधिकार यात्रा में पहुंचे अखिलेश यादव

**छपरा, 30 अगस्त (एजेंसी)।** राहुल गांधी के वोटर अधिकार यात्रा का आज 14वां दिन था। यह यात्रा आज छपरा के बाद आरा पहुंची है। बिहार में आज सियासी हलचल मची है। अखिलेश यादव आरा से सिवान तक शनिवार को राहुल और तेजस्वी संग संयुक्त रोड शो में शामिल हुए हैं। अखिलेश यादव बिहार दौरे पर हैं, जहां वह विपक्ष की एकजुटता का संदेश दिया है। अखिलेश यादव बिहार में लोकसभा के एलओपी राहुल गांधी और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के साथ एक संयुक्त रोड शो में शामिल हुए हैं। इस दौरान तीनों नेताओं की तिकड़ी का जनता के बीच हाई जोश दिखा है। तीनों विपक्षी नेताओं के इस संयुक्त रोड शो में काफी संख्या में भीड़ इकट्ठा हुई है। इसमें अखिलेश यादव, राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के साथ मिलकर आरा से सिवान तक एक मेगा रोड शो कर रहे हैं। यह रोड शो बिहार के विधानसभा चुनावों से पहले विपक्षी गठबंधन की ताकत का प्रदर्शन दर्शा रहा है। इसका सीधा संदेश मतदाताओं तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, 'मैं वोटर अधिकार यात्रा में शामिल होने आया हूं। मैं बिहार की जनता को इसके समर्थन के लिए बधाई देता हूं और इस बार बिहार से जो आवाज आ रही है, वह ये है कि भाजपा बिहार से बाहर होने वाली है। उन्होंने संविधान के अधिकारों का हनन किया है। चुनाव आयोग भाजपा सरकार का जुगाड़ आयोग बन गया है।' राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा 13 वें दिन देर रात सीवान पहुंची है। सारण जिले के एकमा में रात्रि विश्राम होगा। शनिवार को सुबह 8 बजे एकमा से शुरू होकर छपरा के विभिन्न मार्गो से होते हुए भोजपुर पहुंचेगी।

## आज नोएडा पहुंचे योगी और राजनाथ सिंह, ऑपरेशन सिंदूर में कहर बरपाने वाले ड्रोन का निर्माण देखा

**नोयडा, 30 अगस्त (एजेंसी)।** नोएडा में शनिवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दौरा किया। यह दौरा सुरक्षा और औद्योगिक दृष्टिकोण से बेहद अहम माना जा रहा है। दोनों नेता नोएडा सेक्टर-81 स्थित राफी मोहिब ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में पहुंचे थे। इस यूनिट का नाम देशभर में तेजी से उभरते हुए एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर में जाना जाता है। राफी मोहिब कंपनी ने हाल ही में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान उपयोग में आए ड्रोन का निर्माण किया था, जिसने रक्षा तंत्र को मजबूती प्रदान की। यही नहीं, यह यूनिट एयरोस्पेस सिस्टम निर्माण में भी बड़ी भूमिका निभा रही है और 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के तहत अत्याधुनिक ड्रोन विकसित कर रही है। जानकारी के अनुसार, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कार्यक्रम शनिवार को 3 बजे निर्धारित था, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने यहां लगभग 3 से 4 घंटे तक समय बिताया और कंपनी की कार्यप्रणाली, तकनीक तथा उत्पादन क्षमता का विस्तार से अवलोकन किया। दौरे को देखते हुए नोएडा पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये थे। ज्वाइंट सीपी और डीसीपी स्वयं सुरक्षा व्यवस्था की ब्रीफिंग करते रहे। इस मौके पर लगभग 1,000 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। इसके अलावा, सेक्टर-80 में एक अस्थाई हेलीपैड भी तैयार किया गया था, जहां से वीवीआईपी का आगमन और प्रस्थान रहा।

